सामाजिक समाघात आकलन (एस.आई.ए.) अध्ययन

सालावास रेलवे स्टेशन के पास मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क का विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण परियोजना

(राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2016)

(Rajasthan Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition Rehabilitation &

अंतिम प्रतिवेदन (Final Report)

प्रस्तुतः

सक्षम अधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं उपखण्ड अधिकारी, लूणी, जिलाः जोधपुर
द्वारा संयुक्त शासन सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य (ग्रुप–1) विभाग
राजस्थान सरकार

एस.आई.ए. एजेन्सी

सेन्टर फॉर डवलपमेंट कम्यूनिकेशन एण्ड स्टडीज (सीडेक्स), जयपुर

133, नन्नू मार्ग, देवी नगर, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला,जयपुर
सम्पर्क सूत्रः 0141-2294988, 4004967,9950124028
Email ID: cdecsjpr@yahoo.in, cdecsjpr@gmail.com

आमुख

सामाजिक समाघात आकलन का अध्ययन (एस.आई.ए.) किसी भी ढ़ाँचागत विकास से प्रभावित होने वाले परिवार/गांव व क्षेत्र का किया जाता है। अध्ययन के माध्यम से यह प्रयास किया जाता है कि क्षेत्र में रह रहे परिवार एवं जनसंख्या पर विकास कार्य के सकारात्मक या नकारात्मक पहलू क्या हैं। साथ साथ यह भी अध्ययन किया जाता है कि इस भूमि अवाप्ति से उन पर सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभाव किस प्रकार के होंगे। एस.आई.ए. अध्ययन के अन्तर्गत प्रभावित लोगों की भागीदारी एवं उनसे चर्चाएँ कर उन पर पड़ने वाले प्रभाव व उनके विचार जानने के प्रयास किये जाते हैं। ताकि नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जा सकें या उनको समय पर ही कम किया जा सके। एस.आई.ए. अध्ययन के दौरान ग्राम बैठकों के माध्यम से स्थानीय लोगों के सुझाव एवं राय जानने का प्रयास किया जाता है। सामाजिक समाघात अध्ययन से प्राप्त सूचनाएँ एवं सुझाव प्रभावित परिवारों के लिए राहत या शमन योजना बनाने में सहायता प्रदान करते हैं।

सामाजिक समाघात आकलन (एसआईए) अध्ययन ऐसे सुधारों को बढ़ावा देता है, जो प्रभावित परिवारों के बेहतर विकास एवं आधारभूत सुविधाओं का किया जाता है ताकि क्षेत्र के परियोजना से प्रभावित परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति पहले की तरह पुनः बहाल किया जा सके। निर्माण सामाजिक समाघात प्रभाव अध्ययन के द्वारा हम विकास परियोजनाओं के निर्माण के पहले, निर्माण के दौरान व निर्माण के पश्चात् विभिन्न वर्गों पर पड़ने वाले प्रभाव का सूक्ष्म अध्ययन करते हैं। सामाजिक समाघात शमन योजना (SIMP) बनाकर प्रभावित लोगों के लिए समाघात निवारण योजना बनाते हैं। सामाजिक प्रभाव का आकलन विभागों को बेहतर योजना बनाने, और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करने और उचित पैमाने पर कार्य करने हेतु पहल करने में सहायता करता है एवं उनमें स्थानीय जनता/लोगों की भी सहमति होती है।

एक अच्छा ''इन्फ्रास्ट्रक्चर'' किसी भी क्षेत्र के लिए महत्त्वपूर्ण है। मल्टी लॉजिस्टिक पार्क का निर्माण रेलवे का एक हिस्सा है जिसका निर्माण कराया जाना आवश्यक है। कॉनकॉर ने ऐसा एक स्ट्रेटेजिक स्थान काफी सर्वेक्षण के पश्चात् चयन किया गया जो कि राजस्थान के जोधपुर जिले के सालावास रेलवे स्टेशन से जुड़ा है। यह स्थान न केवल बंदरगाहों एवं आईसीडी के कंटेनरों के शीघ्र रेल परिवहन में मदद करेगा बल्कि राजस्थान के कई जिला के व्यापार एवं उद्योगों को लॉजिस्टिक सुविधाएँ प्रदान करेगा एवं रोजगार के नये अवसर प्रदान करेगा।

चूँकि जोधपुर एवं आसपास के जिलों से प्रत्येक माह हजारों कंटेनरों का हैंडलिंग एवं रेल परिवहन होता है इसलिए इस प्रकार के प्रस्तावित मेगा लॉजिस्टिक हब के निर्माण के लिए कुल 19.8474 हेक्टेयर जमीन का प्रथम चरण में प्रावधान करना आवश्यक है। (इस परियोजना हेतु प्रथम चरण में रेल लाइन की लम्बाई के लिए लगभग 1400 मीटर एवं 175 मीटर यार्ड में कंटेनर/कार्गो की ढुलाई एवं स्टोरेज के कार्यों के लिए प्रस्तावित है।) प्राथमिक सर्वेक्षण के अनुसार इस प्रोजेक्ट की प्रस्तावित जमीन मुख्य रुप से निजी खेती की एवं सरकारी जमीनें है जो कि मल्टी लॉजिस्टिक पार्क सालावास के निर्माण एवं विकास हेतु भूमि अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित है।

राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2016 के दिशा निर्देशों के अध्याय 4 व 5 के अनुसार सामाजिक प्रभाव निर्धारित मूल्यांकन का संचालन करना है, जो विभाग द्वारा जारी भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन नियम, 2016 में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार है। राजस्व विभाग (राजस्थान सरकार) का पत्रांक No. F. 1(3) Rev. 6/2011/pt./02 dated 12/01/2016. द्वारा इसे लागू किया गया है।

कार्यालय संयुक्त शासन सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य (ग्रुप–1) विभाग द्वारा एस.आई.ए कार्य के लिए सेंटर फॉर डवलपमेंट कम्यूनिकेशन एण्ड स्टडीज, (सीडेक्स) का चयन कर कार्य करने की जिम्मेदारी दी। संस्था द्वारा सामाजिक समाघात अध्ययन (एस.आई.ए.) का कार्य पूर्ण विधा से किया गया है। सामाजिक समाघात अध्ययन पश्चात् ड्राफ्ट प्रतिवेदन तैयार कर प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत ड्राफ्ट प्रतिवेदन पर दिनांक 21 अप्रेल, 2023 को राजस्व विभाग, भू–अवाप्ति अधिकारी, लूणी, जिला जोधपुर की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भू–स्वामियों द्वारा दिये गये सुझाव/राय/मांगों को शामिल करते हुए अंतिम प्रतिवेदन तैयार कर

लिया गया है। यह एस.आई.ए. रिपोर्ट पूर्ण रुप से भू–स्वामियों जिनकी भूमि इस परियोजना के लिए अधिग्रहण की जानी है उन पर होने वाले सामाजिक समाघात प्रभाव का वर्णन है ताकि उनको योजनबद्ध तरीके से राजस्थान भूमि अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम 2016 के दिशा निर्देशों अनुसार प्रभावित खातेदारों का पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन किया जा सके व उनको उचित मुआवजा मिल सके।

दिनांक 21 अप्रेल, 2023 को सामूहिक रुप से जनसुनवाई का आयोजन भू–अवाप्ति अधिकारी (सक्षम अधिकारी), लूणी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में सभी भू–स्वामियों को अपनी बात रखने का मौका मिला जिसमें उपस्थित सभी भू–स्वामियों द्वारा अपनी राय/सुझाव/बात रखी गई जिन्हें शामिल करते हुए अंतिम प्रतिवेदन तैयार किया गया है।

24 अप्रेल, 2023

दिलीप शर्मा
एस.आई.ए., विशेषज्ञ, सीडेक्स

विषय सूची

अध्याय	विवरण	पृष्ठ संख्या
	आमुख	2-3
	विषय सूची	4
	तालिकाओं की सूची	5
1.	कार्यकारी सारांश	6-14
2.	परियोजना विवरण	15-25
3.	टीम की संरचना, दृष्टिकोण, विधियां	26-38
4.	भूमि की आवश्यकता एवं आकलन	39-41
5.	प्रभावित परिवारों एवं परिसम्पत्तियों का आकलन	42-44
6.	प्रभावित क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक स्थिति	45-47
7.	सामाजिक समाघात आकलन	48-50
8.	अधिग्रहण पर लाभ और सिफारिश	51-54
9.	सामाजिक समाघात शमन योजना (एस.आई.एम.पी.)	55-60
10.	जन सुनवाई प्रतिवेदन	61-75
	संलग्नक	76
	प्रपत्र 1 (प्रभावित भू–स्वामियों की सूची)	77-81
	(क) एस.आई.ए. बैठक कार्यवाही	82-86
	(ख) एस.आई.ए. कार्यवाही छायाचित्र	87-88
	भूमि अवाप्ति हेतु चिन्हित खसरा वार अद्यतन सूची	89—92
	(ग) गांव का प्रोफाइल	93-95
	(घ) टी.ओ.आर अनुसार सूची विवरण	96
	(ङ) पी.आर.ए. गतिविधि रिपोर्ट	97-104
	प्रपत्र–2 प्रभावित होने वाले क्षेत्र में रोजगार योग्य युवाओं की सूची	105
	(च) कार्यालय आदेश – उद्योग एवं वाणिज्य (ग्रुप–1) विभाग पत्र अधिसूचना	106-107

तालिकाओं की सूची

तालिका न.	विवरण	पृष्ठ संख्या
1.1	भूमि का विस्तृत विवरण	14
2.1	लूणी तहसील (प्रभावित गांव का जनसंख्या प्रारुप एवं क्षेत्र का विवरण)	21
3.1	भू–अवाप्ति की तीव्रता प्रभाव का वर्गीकरण	36
3.2	परिवार की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव	36
3.3	ग्राम स्तर पर एस.आई.ए. अध्ययन के अन्तर्गत गतिविधियों की अनुसूची	38
4.1	परियोजना प्रभावित गांव के भूस्वामियों का विवरण	40
4.2	भूमि का आकलन	40
5.1	परिवार के सदस्यों का वर्गीकरण	42
5.2	वैवाहिक स्थिति	42
5.3	शैक्षिक स्तर	43
5.4	रोजगार की स्थिति	43
5.5	मुख्य व्यवसाय	43
5.6	आयु के अनुसार वर्गीकरण	43
5.7	सामाजिक समूह के अनुसार परिवारों का वर्गीकरण	44
6.7	परियोजना क्षेत्र के गांव की जन संख्या प्रारुप तहसील–लूणी (जनगणना 2011 के अनुसार)	47
7.1	परियोजना के विभिन्न चरणों में सामाजिक प्रभावों का आकलन	50
8.1	परियोजना के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव	51-52
8.2	संभावित प्रभावों की सूची	52
9.1	विभिन्न संभावित सामाजिक प्रभावों का विश्लेषण और उनके प्रस्तावित उपाय	57-58
10.0	उपस्थित प्रतिभागी / सहभागी	64
10.1	जन सुनवाई के दौरान प्रभावित खातेदार / हिस्सेदारों द्वारा दिये गये सुझाव / विचार / मांग / राय	65-69

अध्याय –1

कार्यकारी सारांश

1.1 पृष्ठभूमि

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड (कॉनकॉर), रेल मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत भारत सरकार का एक नवरत्न उपक्रम है। कॉनकॉर देश भर में आईसीडी, सीएफएस लॉजिस्टिक पार्क, पत्तन एवं एयर कार्गो कॉम्पलेक्स से आयात–निर्यात एवं घरेलू कंटेनरों का हैंडलिंग एवं परिवहन करके देश के विभिन्न उद्योगों को प्रभावी (Efficient) लॉजिस्टिक सेवाएँ प्रदान करता आया है और भारत में रेल आधारित कंटेनरों के प्रमुख यातायात के लिए सेवा प्रदाता है। कॉनकॉर की स्थापना के बाद से कॉनकॉर ने विभिन्न शहरों/औद्योगिक क्षेत्रों में कैपिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश करके विविध लॉजिस्टिक सुविधाओं में बढ़ावा दिया है।

भारतीय रेल ने उत्तर–पश्चिम क्षेत्र में दादरी से मुंबई बन्दरगाह को जोड़ने के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर कॉरपोरेशन (डीएफसीसी) के द्वारा फ्रेट (कार्गो) के लिए बुनियादी सेवाएँ एवं साथ–साथ बहुबिध (Multi-Modal) लॉजिस्टिक पार्क के विकास के लिए पहल की है। कॉनकॉर ने भी डीएफसीसी पर विभिन्न जगहों पर राज्य सरकारों के साथ मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास के लिए MOU किये हैं और काफी जगहों पर विकास कार्य प्रगति में है। पिछले कई सालों से भारत में अभूतपूर्व औद्योगिक एवं आर्थिक वृद्धि हुई है और उसमें उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में आईसीडी एवं बंदरगाहों का बड़ा हिस्सा रहा है।

अर्थव्यवस्था का मूल उद्देश्य लॉजिस्टिक की कुल लागत को घटाना है। यह उद्देश्य तभी सफल हो पायेगा जब नये इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण एवं उसका सही उपयोग किया जायेगा। दूसरे शब्दों में कंटेनरों का आवागमन की दक्षता तभी महत्तम हो पायेगी जब आईसीडी एवं बंदरगाहों से निकले हुए ट्रैफिक का एकत्रीकरण स्ट्रेटेजिक स्थान पर होने के बाद आगे अनुकूल वितरण हो। कॉनकॉर ने सर्वेक्षण के पश्चात् एक स्ट्रेटेजिक स्थान का चयन किया गया जो कि राजस्थान के जोधपुर जिले में लूणी तहसील के सालावास रेलवे स्टेशन से जुड़ा है। यह स्थान न केवल बंदरगाहों एवं आईसीडी के कंटेनरों के शीघ्र रेल परिवहन में मदद करेगा बल्कि राजस्थान के कई जिला के व्यापार एवं उद्योगों को लॉजिस्टिक सुविधाएँ प्रदान करेगा एवं रोजगार के नये अवसर प्रदान करेगा।

चूँकि जोधपुर एवं आसपास के जिलों से प्रत्येक माह हजारों कंटेनरों का हैंडलिंग एवं रेल परिवहन होता है इसलिए प्रस्तावित मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण के लिए कुल 19.8474 हेक्टेयर जमीन का प्रावधान करना आवश्यक है। इस परियोजना हेतु प्रथम चरण में रेल लाइन की लम्बाई के लिए लगभग 1400 मीटर एवं 175 मीटर यार्ड कंटेनर/कार्गो की ढुलाई एवं स्टोरेज के कार्यों के लिए प्रस्तावित है। प्राथमिक सर्वेक्षण के अनुसार इस प्रोजेक्ट की प्रस्तावित जमीन

मुख्य रुप से निजी खातेदारी की एवं सरकारी जमीनें हैं। यह स्थान मुख्य डीएफसीसी यार्ड मारवाड़ जंक्शन से 90 किलोमीटर की दूरी पर स्थित होगा।

यह प्रोजेक्ट भारत में एक कंटेनरीकृत एवं कंटेनरीकृत कार्गो के लिए अद्वितीय एवं पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होगा जिसमें आंतरिक एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के एकीकरण के लिए एक आम मंच का कार्य करेगा। कॉनकॉर ने इस प्रोजेक्ट के लिए लगभग 175 करोड़ तक का निवेश के लिए प्रावधान किया है।

मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण कार्य ग्राम सालावास, तहसील लूणी जोधपुर में नेटवर्क की स्थापना को दृष्टिगत रखते हुए सही स्थान चयन इसका मूल उद्देश्य है। प्रस्तावित परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण के कारण कुछ किसानों/भू–स्वामियों को नुकसान होने की संभावना है। चूँकि जोधपुर एवं आसपास के जिलों से प्रत्येक माह हजारों कंटेनरों का हैंडलिंग एवं रेल परिवहन होता है इसलिए निगम की आवश्यकता एवं जरुरत को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित मेगा लॉजिस्टिक हब का निर्माण करना अतिआवश्यक है।

क्षेत्र में छोटे एवं बड़े दोनों ही प्रकार के भू–स्वामी हैं। छोटे आकार के खेत भारतीय कृषि की विशिष्ट विशेषताएँ हैं। इस क्षेत्र में किसानों को कृषि से होने वाली आय सामान्य ही है। क्षेत्र में बड़े एवं संयुक्त परिवार निवास कर रहे हैं। सालावास गांव में कुछ भू–स्वामियों द्वारा भूमि का विभाजन/बंटवारा मौखिक

एस.आई.ए. के दौरान ग्राम बैठक में स्थानीय प्रभावित लोगों की बात/राय पढ़कर सुनाते हुए

किया हुआ है वहीं कुछ भू–स्वामियों द्वारा राजस्व रिकॉर्ड में कर लिया है। क्षेत्र में कुछ परिवार सामूहिक एवं कुछ एकाकी रुप में निवास करते हैं। प्रभावित परिवारों ने एक सामूहिक बैठक का प्रस्ताव रखा एवं अपनी समस्याओं/सुझावों लिखित रुप में प्रस्तुत किया।

सालावास ग्राम में भू–स्वामी अपनी जमीन में ज्वार, बाजरा, मूंग, मौठ, गेंहूँ, तिल, गंवार, रायड़ा/सरसों आदि की पैदावार करते हैं, वहीं अवाप्ति हेतु प्रस्तावित भूमि क्षेत्र में अधिकतम भू–स्वामी एक ही फसल ले पाते हैं।

उपरोक्त परिपेक्ष्य में मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण कार्य कराया जाना आवश्यक है ताकि जोधपुर शहर में यातायात भार एवं सड़क दुर्घटनाओं से निजात मिल सके। जैसा कि जोधपुर शहर के विस्तार एवं विकास के कारण सड़क जाम एवं दुर्घटनाओं की संख्या में भी वृद्धि हुई जिसे ध्यान में रखते हुए एक नये स्थान का चयन करना जरुरी हो गया है। यह सड़क मार्ग जोधपुर शहर की मुख्य सड़कों में से एक है जिसके कारण यातायात साधनों का भारी दबाव भी रहने लगा है। सालावास रेलवे स्टेशन को परियोजना के लिए बहु उपयोगी एवं उपयुक्त स्थान मानते हुए मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण का चयन किया है जिसमें लगभग 49 खातेदार /हिस्सेदार की 19.7697 एवं 3 सरकारी खसरा की 0.0777 हेक्टेयर भूमि विकास एवं निर्माण कार्य हेतु अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित है।

एस.आई.ए. (सामाजिक समाघात प्रभाव आंकलन) के अनुसार परियोजना क्षेत्र में प्रभावित होने वाले परिवारों में अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य एवं अनुसूचित जाति के परिवार हैं।

1.2 भूमि अधिग्रहण का उद्देश्य

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड (कॉनकॉर), रेल मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत सुविधा एवं जरुरत को समझते हुए सेवाओं का विस्तार करना है। चूँकि जोधपुर एवं आसपास के जिलों से प्रत्येक माह हजारों कंटेनरों का हैंडलिंग एवं रेल परिवहन होता है तथा भारतीय रेल ने उत्तर–पश्चिम क्षेत्र में दादरी से मुंबई बन्दरगाह को जोड़ने के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर कॉरपोरेशन (डीएफसीसी) के द्वारा फ्रेट (कार्गो) के लिए बुनियादी सेवाएँ एवं साथ–साथ बहुबिध (Multi-Modal) लॉजिस्टिक पार्क के विकास के उद्देश्य से पहल की है।

सालावास में मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास का उद्देश्यः–

1. सालावास में मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास होने के साथ ही मुन्द्रा एवं पीपावा बंदरगाह के लिए सीधे तौर पर डबल डेकर कंटेनर रैकों का परिचालन प्रारम्भ करवाया जायेगा, जिसका सीधा आर्थिक फायदा स्थानीय निर्यातकों को मिलेगा और परिचालन में आने वाली लागत में कमी आयेगी।
2. एक साथ एक रैक के तहत कुल 180 कंटेनरों का परिचालन करवाया जा सकेगा जो कि वर्तमान में केवल 90 कंटेनरों का परिचालन हो रहा है। न्यूनतम समय में इन कंटेनरों को सम्बन्धित बंदरगाहों पर पहुँचाया जा सकेगा। इससे कंटेनर भेजने की क्षमता में लगभग दो गुणा हो जायेगी जिससे कंटेनर लोड करने सहित अन्य समस्या जो लम्बे समय से चली आ रही का समाधान हो सकेगा।

3. वर्तमान में जोधपुर एरिया से सड़क मार्ग से परिचालन करवाये जाने वाले निर्यात कंटेनरों की संख्या में कमी आयेगी जिससे हवा में प्रदूषण एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयेगी एवं सड़क पर ट्रैफिक की भीड़ एवं ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी।
4. सभी ट्रेन ऑपरेटरों द्वारा संचालित कंटेनरों का एकीकरण, लॉजिस्टिक को अनुकूल करना।

1.3 परियोजना के लाभ

एक लॉजिस्टिक पार्क को बल्क, ब्रेक बल्क और कंटेनरीकृत ट्रैफिक के लिए एक मल्टी–मॉडल फ्रेट

ग्राम बैठक में लोगों द्वारा बताये गए सुझाव एवं बैठक कार्यवाही पढ़कर सुनाते हुए लगदीश चौधरी

टर्मिनल के रुप में परिभाषित किया जा सकता है, जिससे वेयरहाउसिंग, कोल्ड स्टोरेज, हैंडलिंग, कस्टम जॉच आदि जैसी सुविधाएँ हैं, जो कुशल, लागत प्रभावी और महत्तवपूर्ण सेवाओं जैसे कार्गो, एकत्रीकरण/डिस–एग्रीगेशन, वितरण, इंटर मॉडल ट्रांसफर, सॉर्टिंग पैकिंग, री–पैकिंग, इत्यादि। दूसरे शब्दों में एक लॉजिस्टिक्स पार्क बिल्कुल सीमांकित डोमेन है जिसमें परिवहन, लॉजिस्टिक्स और माल वितरण से जुड़ी गतिविधियॉ शामिल हैं। लागत प्रभावी और निर्बाध लॉजिस्टिक्स सेवाओं की सुविधा के लिए सुविधाओं और उपकरणों के साथ ऑपरेटरों, कार्गो कॉसॉलिडेटर्स और लॉजिस्टिक कम्पनियों के लिए एक कार्य क्षेत्र भी है।

बहुबिध लॉजिस्टिक पार्क के प्रमुख लाभों को इस प्रकार रेखांकित किया जा सकता है–

- ''स्टैंड अलोन'' वितरण केन्द्रों की तुलना में उत्कृष्ट परिवहन लिंक– लम्बी दूरी के रेल नेटवर्क के साथ–साथ ट्रकिंग द्वारा अवाह क्षेत्र में वितरण बिंदुओं के साथ आसान पहुँच।
- कस्टम क्लीयरेंस सुविधाऍ– जहॉ भी आवश्यक हो।
- चौबीस घंटे सेवा–आम तौर पर शहरी बस्ती क्षेत्रों से दूर स्थित है।

- लागत बचत– क्योंकि सभी सुविधाएँ एक ही स्थान पर प्रदान की जाती हैं।
- उन्नत एवं बेहतर सुरक्षा प्रणालियाँ।
- प्रतिस्पर्धी और विश्वसनीय लॉजिस्टिक्स प्रदाताओं के चयन के लिए अधिक विकल्पों की उपलब्धता।
- परिवहन के कम से कम दा साधनों तक पहुँच, विशेष रुप से रेल एवं सड़क।
- तालमेल का उपयोग करने के लिए एक स्थान पर महत्त्वपूर्ण सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने वाले प्रबन्धन कार्य।

1.4 परियोजना के तहत भू–अवाप्ति से भू–स्वामियों को सम्भावित हानि

- किसान को अपनी भूमि का नुकसान।
- नियोजित जीवन प्रभावित होगा।
- भूमि अधिग्रहण से परिवार के बच्चे एवं बुजुर्ग व्यक्ति भी प्रभावित होंगे।
- अल्प समय के लिए आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है जब तक परिवार कही अन्य स्थान पर जमीन क्रय नहीं कर लेता है।

1.5 सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन के प्रमुख उद्देश्य

(i) प्रस्तावित अधिग्रहण के सम्बन्ध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के प्रावधानानुसार उचित कार्यवाही सुनिश्चित करना।

(ii) प्रस्तावित अधिग्रहण के सम्पूर्ण क्षेत्र का विस्तृत दौरा कर प्रभावित होने वाले परिवारों तथा सम्बंधित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों से वार्ता करना, उनके विचार लेखबद्ध करना तथा पूर्ण प्रचार–प्रसार के पश्चात् जन सुनवाई करना। जन सुनवाई के दौरान व्यक्त सभी विचार–विमर्श को लेखबद्ध करना।

(iii) प्रस्तावित अधिग्रहण क्षेत्र में प्रभावित होने वाले परिवारों के जीविकोपार्जन पर होने वाले प्रभाव एवं उचित मुआवजे का आकलन करना।

(iv) प्रभावित होने वाले परिवारों पर सम्भावित आर्थिक एवं सामाजिक प्रभाव का आकलन करना करना तथा उनके पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन करने हेतु प्रबन्धन योजना प्रस्तुत करना।

(v) प्रस्तावित अधिग्रहण लोक प्रयोजनार्थ है, यह सुनिश्चित करना।

(vi) प्रस्तावित अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले परिवारों की संख्या का सही आकलन करना तथा उनके जीविकोपार्जन के वर्तमान साधनों को ज्ञात करना।

(vii) प्रस्तावित अधिग्रहण से अवस्थित समस्त सार्वजनिक जनसम्पत्तियों यथा सड़क मार्ग, सार्वजनिक एवं निजी मकान, विद्यालय, कार्यालय, स्वास्थ्य इकाईयों, आंगनबाड़ी केन्द्र, पेयजल स्रोत,

उद्यान, श्मशान, प्रार्थना के स्थान यथा मंदिर, मस्जिद इत्यादि को ज्ञात करना तथा उनके विस्थापन के प्रभाव का आकलन करना।

(viii) इस बात का समुचित निर्धारण करना कि प्रस्तावित क्षेत्र से कम क्षेत्र का अधिग्रहण करना उपयुक्त नहीं है तथा प्रस्तावित स्थान ही प्रस्तावित परियोजना के लिए सर्वथा उपयुक्त है। इसके अतिरिक्त कोई अन्य स्थान अधिग्रहण हेतु उपयुक्त नहीं है। साथ ही पूर्व में अधिग्रहित कोई अन्य भूमि आसपास अनुपयोगी स्थिति में उपलब्ध नहीं है।

(ix) इस बात को सुनिश्चित करना कि परियोजना में सामाजिक समाघातों को हल करने हेतु होने वाले व्यय एवं परियोजना पर होने वाले व्यय, दोनों समग्र व्यय से परियोजना से अपेक्षित लाभ अधिक है।

1.6 प्रमुख विशेषताएँ

लॉजिस्टिक्स पार्क की प्रमुख विशेषताएँ इस प्रकार है–

- कंटेनर ऑपरेटरों, कार्गो समेकन कर्ताओं, लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं और लॉजिस्टिक्स व्यापार और उत्पादन उद्‌यम के लिए एक आम उपयोगकर्ता सुविधा
- परिवहन के कम से कम दा साधनों तक पहुँच, विशेष रुप से रेल एवं सड़क
- तालमेल का उपयोग करने के लिए एक स्थान पर महत्त्वपूर्ण सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने वाले प्रबन्धन कार्य

1.7 एस.आई.ए. अध्ययन की पद्धति/विधियां

एस.आई.ए. अध्ययन में क्रॉस सेक्शनल अध्ययन डिजाईन लागू किया गया है। अध्ययन के उद्देश्य एवं कार्यक्षेत्र को ध्यान में रखकर मिश्रित विधि का उपयोग किया गया जिसमें गुणात्मक एवं संख्यात्मक अनुसंधान विधि दोनों को शामिल किया गया। अध्ययन का समग्र डिजाइन और ढ़ांचा आर.एफ.सी.टी.एल.ए.आर. आर., नियम, 2016 (**R**ight to **F**air **C**ompensation and **T**ransparency in **L**and. **A**cquisition, **R**ehabilitation and **R**esettlement **R**ules, 2016) द्वारा निर्देशित किया गया एवं एस.आई.ए. इकाई के तकनीकी मार्गदर्शन में विकसित और निष्पादित करना है।

प्राथमिक डेटा/आकड़ा संग्रह विधियों में शामिल है।

I. प्रस्तावित परियोजना से प्रत्यक्ष रुप से प्रभावित परिवारों का सूचीकरण एवं उनका पारिवारिक सामाजिक व आर्थिक सर्वेक्षण।
II. अप्रत्यक्ष रुप से प्रभावित परिवारों से चर्चाएँ/साक्षात्कार कर सूचना संकलन करना।
III. प्रस्तावित परियोजना से प्रभावित गांवों के निवासियों से भिन्न –भिन्न समूहों में चर्चाएँ कर परियोजना के प्रभावों की जानकारी लेना एवं लिपिबद्ध करना।

IV. परियोजना क्षेत्र में प्रभावित लोगों के साथ पी.आर.ए. (इतिहास, सामाजिक और संसाधन मानचित्रण, चपाती चित्रण एवं मौसमी कैलेन्डर) के माध्यम से ग्रामवासियों की भागीदारी को बढ़ाना एवं गांव की सूचनाएँ तैयार करना।

1.8 एस.आई.ए. अध्ययन से प्राप्त जानकारी/ निष्कर्ष

एस.आई.ए. के दौरान विभिन्न समूहों के साथ ग्राम बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रभावित लोगों का कहना है अब हमारी यही मांग है कि जमीन अवाप्ति के एवज में सरकार हमारी परिस्थिति को समझते हुए यह सुनिश्चित करें कि लोगों को उचित मुआवजा दिलाये ताकि प्रभावित लोग भूमि अवाप्ति पश्चात् पूर्व की तरह अपनी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में पूर्व की तरह बहाल कर सके। एस.आई.ए. के दौरान प्रभावित भू–स्वामियों की भूमि अवाप्ति को लेकर प्रमुख सुझाव/राय/बात रखी गई जो निम्न है।

क्रम संख्या	गांव का नाम	प्रभावित भू–स्वामियों द्वारा दिये गये सुझाव एवं मांग
1	सालावास	• भू–स्वामी जिनकी जमीन अधिग्रहित की जा रही है उन्हें खसरावार तथा व्यक्ति वार भूमि अवाप्ति की जानकारी दी जावे। • प्रभावित भू–स्वामी के परिवार के एक सदस्य को कंटेनर डिपों में रोजगार/नौकरी दी जावे। • भू–स्वामियों को जो मुआवजा दिया जावे वो बाजार भाव से दिया जावे। न कि डी.एल.सी दर से। वर्तमान में बाजार भाव लगभग 60 लाख प्रति बीघा है। • भू–स्वमियों के खेत में बनी समस्त संरचनाओं का आज के बाजार भाव के हिसाब से मुआवजा दिया जावे। जैसे मकान, कुआं, ट्यूबवैल, तारबन्दी, पेड़ आदि। • प्रस्तावित योजना के अन्दर गांव के किसाानों की रेलवे लाईन पार करते हुए डामरीकरण सड़क मार्ग बना है उसको अवरुद्ध न किया जावे। • ग्राम सालावास की सरहद में जे.डी.ए. ने जो भू–खण्ड/ कॉलोनी काटी है जिनकी रेट मीटर/गज से है उसके अनुसार रेट/दर तय की जावे। • रेलवे का गेट नम्बर सी–214 जो किसानों के खेत में जाने का

		रास्ता है उसको बन्द कर दिया गया है उसको पुनः चालू/खोला जावे। • कॉनकॉर डिपो योजना के द्वारा अधिग्रहित की जा रही भूमि के अलावा जो भूमि बच रही है उसको किसी भी प्रकार से रेड जोन/ नो कंस्ट्रक्शन जोन घोषित ना किया जावे। • प्रस्तावित डिपो के आसपास के किसानों के आने जाने का जो मार्ग है उसकों बन्द न किया जावे या उसके स्थान पर नया रास्ता बनाकर दिया जावे। • भू–स्वामी को क्षतिपूर्ति राशि खाते में जमा कराई जावे जो एक मुश्त होनी चाहिये एवं उक्त राशि पर किसी प्रकार का कोई टैक्स कटौती नहीं की जावे। • प्रस्तावित परियोजना में प्रस्तावित सूची में नाम सुधार एवं बंटवारा नामान्तकरण जैसा कार्य में सहयोग कराया जावे। • जो भूमि अवाप्ति हेतु प्रस्तावित है उसकी जानकारी दी जावे। • भू–स्वामियों की फसल को प्रभावित करते है तो उसका भी मुआवजा दिया जावे। • सभी मांगों पर उचित निर्णय किया जावे। • डिपो के विस्तार एव निर्माण कार्य में स्थानीय लोगों को मजदूरी करने, ट्रैक्टर, ट्रक आदि को अवसर दिया जावे एवं कंटेनर डिपो के बाहरी व्यक्तियों द्वारा कार्य में जिन खातेदारों की जमीन जा रही है उनको प्राथमिकता देते हुए अवसर दिया जावे।

राजस्थान और इसके आसपास के इलाकों में गतिशील औद्योगिक विकास देखा गया है। इसने समृद्ध खनिज भण्डार और निर्बाध रेल–सड़क सम्पर्क जैसे क्षेत्र के अंतर्निहित कारकों का लाभ उठाने की अनुमति दी है। आगे की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए, एमएमएलपी ने अपनी उत्पादकता बढ़ाने और कंटेनरीकृत कार्गो, क्लीन बल्क कार्गो और एलएनजी ट्रैफिक जैसे नए ट्रैफिक को आकर्षित करने के लिए क्षमता विस्तार और मशीनीकरण किया जाना अपेक्षित है। जोधपुर एरिया से सड़क मार्ग से परिचालन करवाये जाने वाले निर्यात कंटेनरों की संख्या में कमी आयेगी जिससे हवा में प्रदूषण एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयेगी एवं सड़क पर ट्रैफिक की भीड़ एवं ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी।

कॉनकॉर ने ऐसा एक स्ट्रेटेजिक स्थान काफी सर्वेक्षण के पश्चात् चयन किया गया जो कि न केवल बंदरगाहों एवं आईसीडी के कंटेनरों के शीघ्र रेल परिवहन में मदद करेगा बल्कि राजस्थान के कई जिला के व्यापार एवं उद्योगों को लॉजिस्टिक सुविधाएँ प्रदान करेगा एवं रोजगार के नये अवसर प्रदान करेगा। चूँकि जोधपुर एवं आसपास के जिलों से प्रत्येक माह हजारों कंटेनरों का हैंडलिंग एवं रेल परिवहन होता है इसलिए इस प्रकार के प्रस्तावित बहुबिध लॉजिस्टिक पार्क के निर्माण के लिए कुल 19.8474 हेक्टेयर जमीन का प्रथम चरण में प्रावधान करना आवश्यक है। इस कार्य हेतु भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्स्थापन की कार्यवाही के क्रम में राज्य सरकार द्वारा गजट प्रकाशन राजपत्र क्रमांक/प 4 (30) उद्योग/1 दिनांक 08 फरवरी 2023 को हो गया है। इस क्रम में ग्राम सालावास तहसील लूणी, जिला जोधपुर में 19.8474 हेक्टेयर कुल भूमि अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित है। इस अवाप्ति के पश्चात् खातेदार/हिस्सेदार परिवार प्रभावित होंगे जो कि खेती में ज्वार, बाजरा, मूंग, मौठ, गेंहूँ, तिल, गंवार, रायड़ा/सरसों एवं आदि की पैदावार करते हैं।

प्रस्तावित स्थान मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण के लिए भूमि अवाप्ति कार्य हेतु सालावास गॉव से सम्बन्धित प्रस्तावित खसरा नम्बर एवं राजस्व रेकर्ड अनुसार उनका मालिकाना विवरण, तथा कुल क्षेत्र का ब्यौरा निम्न प्रकार है–

तालिका : 1.1 भूमि का विस्तृत विवरण

क्रम संख्या	ग्राम पंचायत	गांव का नाम	गांव का भूमि कुल क्षेत्रफल भूमि (हे.)	अवाप्ति हेतु प्रस्तावित खसरा की कुल क्षेत्रफल भूमि (हे.)	अवाप्ति हेतु कुल प्रस्तावित भूमि (हे.)	अवाप्ति हेतु प्रस्तावित निजी भूमि (हेक्टयर)	अवाप्ति हेतु प्रस्तावित सरकारी भूमि (हेक्टयर)	कुल अवाप्ति हेतु प्रस्तावित भूमि का प्रतिशत	गांव में प्रभावित निजी खसरा के खातेदार /हिस्सेदार	गांव में प्रभावित सरकारी खसरा के खातेदार / हिस्सेदार
1	सालावास	सलावास रेलवे स्टेशन	619.0	78.9071	19. 8474	19. 7697	0.0777	3.21	49	3
	कुल		**619.0**	**78.9071**	**19. 8474**	**19. 7697**	**0.0777**	**3.21**	**49**	**3**

(नोट–स्रोत तहसील लूणी के पटवार द्वारा सर्वेक्षण रिपोर्ट अनुसार)

ग्राम सालावास रेलवे स्टेशन की कुल भूमि 619.00 हेक्टेयर है। मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि अवाप्ति 19.8474 हेक्टेयर है (3.21 प्रतिशत) जोकि न्यूनतम अवाप्ति है।

अध्याय– 2
परियोजना विवरण

2.1 प्रस्तावित मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण कार्य, ग्राम सालावास पृष्टभूमि

लॉजिस्टिक्स पार्क न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए स्थानीय व्यापार और उद्योग के लिए एक आधार प्रदान करते हैं। एक लॉजिस्टिक पार्क को मल्टी–मॉडल फ्रेट टर्मिनल के रुप में परिभाषित किया जा सकता है जो थोक, ब्रेक बल्क और कंटेनरीकृत ट्रैफिक के लिए वेयरहासिंग, कोल्ड स्टोरेज, हैंडलिंग, कस्टम जॉच जैसी सुविधाओं के साथ कुशल, लागत प्रभावी और महत्त्वपूर्ण सेवाओं जैसे कार्गो एकत्रीकरण की सुविधाएँ प्रदान करता है जैसे डी–एग्रीगेशन, डिस्ट्रीब्यूशन, इंटर मॉडल ट्रांसफर, सॉर्टिंग, पैकिंग, री–पैकिंग इत्यादि। दूसरे शब्दों में कहें तो लॉजिस्टिक पार्क बिल्कुल सीमांकित क्षेत्र/डोमेन है जिसमें परिवहन लॉजिस्टिक और माल वितरण से जुड़ी गतिविधियॉ शामिल हैं। लागत प्रभावी और निर्बाध सुविधा के लिए सुविधाओं और उपकरणों के साथ ऑपरेटरों, कार्गो समेकको और लॉजिस्टिक कम्पनियों के लिए एक कार्य क्षेत्र भी है।

केन्द्र और राज्य सरकार की उद्योग अनुकूल नीतियों के कारण औद्योगिक घरानों के विश्वास को बढ़ावा देने के कारण पिछले दशक के दौरान राजस्थान और इसके आसपास के इलाकों में कार्यात्मक (Functional) औद्योगिक विकास देखा गया है। क्षेत्र की जरुरत एवं उपरोक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए इसके विस्तार की आवश्यकता है। क्षेत्र में समृद्ध खनिज भण्डार और निर्बाध रेल–सड़क सम्पर्क जैसे क्षेत्र के अंतर्निहित कारकों का लाभ उठाने की अनुमति दी है। आगे की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए, एमएमएलपी ने अपनी उत्पदकता बढ़ाने और कंटेनरीकृत कार्गो, क्लीन बल्क कार्गो और एलएनजी ट्रैफिक जैसे नए ट्रैफिक को आकर्षित करने हेतु क्षमता विस्तार करना अतिआवश्यक है।

2.2 परियोजना विस्तृत विवरण

1. परिचय

लॉजिस्टिक अवसंरचना का निर्माण एक महत्त्वपूर्ण घटक है। संक्षेप में लॉजिस्टिक्स पार्क न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए स्थानीय व्यापार और उद्योग के लिए एक आधारभूत मजबूती प्रदान करता हैं। एक लॉजिस्टिक पार्क को मल्टी–मॉडल फ्रेट टर्मिनल के रुप में परिभाषित किया जा सकता है जो थोक, ब्रेक बल्क और कंटेनरीकृत ट्रैफिक के लिए वेयरहाउसिंग, कोल्ड स्टोरेज, हैंडलिंग, कस्टम जॉच आदि जैसी सुविधाओं के साथ प्रभावी लॉजिस्टिक सेवाओं जैसे कार्गो एकत्रीकरण की सुविधा प्रदान करता है। डी–एग्रीगेशन, डिस्ट्रीब्यूशन, इंटर मॉडल ट्रांसफर, सॉर्टिंग, पैकिंग, री–पैकिंग इत्यादि शामिल है। दूसरे शब्दों में लॉजिस्टिक पार्क में परिवहन लॉजिस्टिक और माल

वितरण से जुड़ी गतिविधियॉ शामिल हैं। लागत प्रभावी और निर्बाध सुविधा के लिए सुविधाओं और उपकरणों के साथ ऑपरेटरों, कार्गो समेकको और लॉजिस्टिक कम्पनियों के लिए एक कार्य क्षेत्र भी है।

काफी सर्वेक्षण के पश्चात् कॉनकॉर ने ऐसा एक स्ट्रेटेजिक स्थान का चयन किया गया जो कि राजस्थान के जोधपुर जिले के सालावास रेलवे स्टेशन से जुड़ा है। यह स्थान न केवल बंदरगाहों एवं आईसीडी के कंटेनरों के शीघ्र रेल परिवहन में मदद करेगा बल्कि राजस्थान के कई जिला के व्यापार एवं उद्योगों को लॉजिस्टिक सुविधाऍ प्रदान करेगा एवं रोजगार के नये अवसर प्रदान करेगा।

चूँकि जोधपुर एवं आसपास के जिलों से प्रत्येक माह हजारों कंटेनरों का हैंडलिंग एवं रेल परिवहन होता है इसलिए इस प्रकार के प्रस्तावित मेगा लॉजिस्टिक हब के निर्माण के लिए कुल 19.8474 हेक्टेयर जमीन का प्रावधान करना आवश्यक है। इस परियोजना हेतु रेल लाइन की लम्बाई के लिए लगभग 1400 मीटर एवं 175 मीटर यार्ड कंटेनर/कार्गो की ढुलाई एवं स्टोरेज के कार्यों के लिए प्रस्तावित है। प्राथमिक सर्वेक्षण के अनुसार इस प्रोजेक्ट की प्रस्तावित जमीन मुख्य रुप से निजी खेती की एवं सरकारी जमीन है।

2. तकनीकी पक्ष

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड (कॉनकॉर), रेल मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत भारत सरकार का एक नवरत्न उपक्रम है। कॉनकॉर देश भर में आईसीडी, सीएफएस लॉजिस्टिक पार्क, पत्तन एवं एयर कार्गो कॉम्पलेक्स से आयात–निर्यात एवं घरेलू कंटेनरों का हैंडलिंग एवं परिवहन करके देश के विभिन्न

एस.आई.ए. अध्ययन के दौरान ग्राम बैठक में लोग चर्चा करते हुए

उद्योगों को प्रभावी (Efficient) लॉजिस्टिक सेवाएँ प्रदान करता आया है। कॉनकॉर की स्थापना के बाद से कॉनकॉर ने विभिन्न शहरों/औद्योगिक क्षेत्रों में कैपिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश करके विविध लॉजिस्टिक सुविधाओं को बढ़ावा दिया है। भारतीय रेल ने उत्तर–पश्चिम क्षेत्र में दादरी से मुंबई बन्दरगाह को जोड़ने के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर कॉरपोरेशन (डीएफसीसी) के द्वारा फ्रेट (कार्गो) के लिए बुनियादी सेवाएँ एवं साथ–साथ बहुबिध (Multi-Modal) लॉजिस्टिक पार्क के विकास के लिए पहल की है। पिछले कई सालों से भारत में अभूतपूर्व औद्योगिक एवं आर्थिक वृद्धि हुई है और उसमें उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में आईसीडी एवं बंदरगाहों का बड़ा हिस्सा रहा है। अर्थव्यवस्था का मूल उद्देश्य लॉजिस्टिक की कुल लागत को कम करना है।

3. परियोजना घटक

प्रस्तावित परियोजना मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण कार्य राजस्थान के जोधपुर जिले के सालावास रेलवे स्टेशन से जुड़ा है। यह स्थान न केवल बंदरगाहों एवं आईसीडी के कंटेनरों के शीघ्र रेल परिवहन में मदद करेगा बल्कि राजस्थान के कई जिला के व्यापार एवं उद्योगों को लॉजिस्टिक सुविधाएँ प्रदान करेगा एवं रोजगार के नये अवसर प्रदान करेगा।

चूँकि जोधपुर एवं आसपास के जिलों से प्रत्येक माह हजारों कंटेनरों का हैंडलिंग एवं रेल परिवहन होता है इसलिए इस प्रकार के प्रस्तावित बहुबिध लॉजिस्टिक पार्क के निर्माण के लिए कुल 19.8474 हेक्टेयर जमीन का प्रावधान करना आवश्यक है। इस परियोजना हेतु रेल लाइन की लम्बाई के लिए लगभग 1400 मीटर एवं 175 मीटर यार्ड कंटेनर/कार्गो की ढुलाई एवं स्टोरेज के कार्यों के लिए प्रस्तावित है। प्राथमिक

परियोजना (एमएमएलपी) हेतु प्रस्तावित स्थान

सर्वेक्षण के अनुसार इस प्रोजेक्ट की प्रस्तावित जमीन मुख्य रुप से निजी खेती की एवं सरकारी जमीन है।

4. परियोजना का स्थान

प्रस्तावित परियोजना मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण कार्य का चयनित स्थान है ग्राम सालावास रेलवे स्टेशन, जिला जोधपुर, राजस्थान। सालावास ग्राम के लगभग 49 खसरा के खातेदार/हिस्सेदार की निजी एवं 3 सरकारी खसरा की 19.8474 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित है। सालावास एक छोटा सा गॉव है और स्थानीय शिल्पकारों द्वारा बनाई गई दरियों के लिए प्रसिद्ध है। इसके पूर्व भाग एन.एच. 62 से जुड़ता है जो जोधपुर एवं पाली जिले से जुड़ा हुआ है।

सालावास का पश्चिम भाग एन. एच. 25 से जुड़ता है जो धवा एवं बोरंडा से जुड़ता है। सालावास गॉव तहसील मुख्यालय लूणी से 22 कि.मी. की दूरी पर है।

5. परियोजना का लक्ष्य

प्रस्तावित मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण कार्य को भविष्य में यातायात के नई सुविधा युक्त बनाने लॉजिस्टिक और आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर करना है। आधुनिक समय के व्यापार के प्रतिस्पर्धी दबाब से निपटने के तथा लागत में कमी और सेवाओं में वृद्धि का लक्ष्य रखा है। ग्राम सालावास में मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण के पश्चात् क्षेत्र में न केवल बंदरगाहों एवं आईसीडी के कंटेनरों के शीघ्र रेल परिवहन में मदद करेगा बल्कि राजस्थान के कई जिला के व्यापार एवं उद्योगों को लॉजिस्टिक सुविधाएॅ प्रदान करेगा एवं रोजगार के नये अवसर प्रदान करेगा। चूॅकि जोधपुर एवं आसपास के जिलों से प्रत्येक माह हजारों कंटेनरों का हैंडलिंग एवं रेल परिवहन होता है जिसे अनवरत बिना किसी व्यवधान के किया जा सकेगा। शहर को यातायात दबाव एवं दुर्घटनाओं से निजात मिल सकेगी।

- सालावास में मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास होने के साथ ही मुन्द्रा एवं पीपावा बंदरगाह के लिए सीधे तौर पर डबल डेकर कंटेनर रैकों का परिचालन प्रारम्भ करवाया जायेगा, जिसका सीधा आर्थिक फायदा स्थानीय निर्यातकों को मिलेगा और परिचालन में आने वाली लागत में कमी आयेगी।
- एक साथ एक रैक के तहत कुल 180 कंटेनरों का परिचालन करवाया जा सकेगा जो कि वर्तमान में केवल 90 कंटेनरों का परिचालन हो रहा है। न्यूनतम समय में इन कंटेनरों को सम्बन्धित बंदरगाहों पर पहुॅचाया जा सकेगा। इससे कंटेनर भेजने की क्षमता में लगभग दो गुणा हो जायेगी जिससे कंटेनर लोड करने सहित अन्य समस्या जो लम्बे समय से चली आ रही का समाधान हो सकेगा।

6. प्रभावित भू–स्वामियों से चर्चा के दौरान मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण को लेकर उपस्थित लोगों द्वारा सम्भावनाओं को व्यक्त किया जो इस प्रकार है–

- क्षेत्र में किसान जिनके पास अवाप्ति पश्चात् कम जमीन शेष बचेगी उन्हें अन्य स्थान पर जमीन क्रय करनी पड़ेगी।
- चूँकि प्रस्तावित ग्राम सालावास में वर्तमान डीएलसी दर कम है इसलिए अधिग्रहण पश्चात् मिले हुए मुआवजा से गांव के आसपास जमीन क्रय करना मुश्किल होगा।
- जेडीए स्वीकृत गांव के पास आवासीय योजना काटी जा रही है जिसके कारण भी जमीन के भाव बढ़ गये हैं। इसके कारण जमीन क्रय करना मुश्किल हो गया है।
- अवाप्ति पश्चात् जमीन शेष बचेगी उस पर जाने हेतु रास्ता बंद हो जायेगा। क्योंकि इस परियोजना भूमि में रास्ता/सड़क मार्ग भी अवाप्ति में प्रस्तावित है।

2.3 एस.आई.ए. और प्रबन्धन शमन योजना प्रक्रिया

भू–अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013

ग्राम बैठक में लोग विचार विमर्श एवं चर्चा हुए

एवं राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2016 के दिशा निर्देशों के अन्तर्गत यह उल्लेख किया गया है कि सरकार या निजी क्षेत्र में किसी भी विकास के कार्य हेतु भूमि अवाप्ति अधिनियम के तहत किया जा सकेगा। सरकार का यह भी मानना है कि भूमि अवाप्ति भू–स्वामियों से सलाह मशविरा, उनकी राय/सहमति से किया जाना चाहिये।

इसी क्रम में अधिनियम/नियम के अनुसार विकास परियोजना में प्रभावित हो रहे भू–स्वामी/किसानों के साथ चर्चा कर उनके सामाजिक, आर्थिक स्तर जानना एवं उन्हे प्रस्तावित कार्य/योजना से कितनी एवं

किस प्रकार की क्षति (समाघात) हो रही है का आकलन कर प्रभावित लोगों की सहभागिता से क्षतिपूर्ति /मुआवजा हेतु कार्यवाही कराना है। एस.आई.ए. के अन्तर्गत परियोजना विस्तार कार्य से प्रभावित लोगों, समुदाय से विभिन्न स्तरों पर चर्चाएँ करना एवं प्राप्त सूचनाओं को संकलित कर सरकार/सम्बन्धित विभाग को प्रतिवेदन प्रस्तुत करना है।

प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिए एक राहत/शमन योजना बनाना है। एस.आई.ए. अध्ययन का प्रमुख योगदान किसी प्रस्तावित परियोजना के कारण उत्पन्न होने वाले किसी भी नकारात्मक प्रभावों को कम करना एवं किसी भी सकारात्मक चीजों को बढ़ाने की योजना के प्रबन्धन संचालन करने में मदद करना है। प्रभावी एस.आई.ए. और एस. आई. एम. पी. परियोजना के सामाजिक आर्थिक प्रभावों की पहचान सार्वजनिक/सामुदायिक परामर्श, भूमि अधिग्रहण और मुआवजे के लिए कानूनी पात्रता नीति में पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन (आर.एण्ड आर.) (Rehabilitation & Resettlement) का विवरण है।

2.4 अध्ययन का उद्देश्य

राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2016 के दिशा निर्देशों के अध्याय III के धारा 6 और 7 के अनुसार सामाजिक प्रभाव निर्धारित मूल्यांकन का संचालन करना है, जो विभाग द्वारा जारी भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन नियम, 2016 में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार है। राजस्व विभाग (राजस्थान सरकार) का पत्रांक **No. F. 1(3) Rev. 6/2011/pt./02 dated 12/01/2016.** द्वारा इसे लागू किया गया है।

सामाजिक समाघात आकलन (एस.आई.ए.) अध्ययन के उद्देश्य निम्न हैः

(i) प्रस्तावित अधिग्रहण के सम्बन्ध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के प्रावधानानुसार उचित कार्यवाही सुनिश्चित करना।

(ii) प्रस्तावित अधिग्रहण के सम्पूर्ण क्षेत्र का विस्तृत दौरा कर प्रभावित होने वाले परिवारों तथा सम्बंधित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों से वार्ता करना, उनके विचार लेखबद्ध करना तथा पूर्ण प्रचार–प्रसार के पश्चात् जन सुनवाई करना। जन सुनवाई के दौरान व्यक्त सभी विचार–विमर्श को लेखबद्ध करना।

(iii) प्रस्तावित अधिग्रहण क्षेत्र में प्रभावित होने वाले परिवारों के जीविकोपार्जन पर होने वाले प्रभाव एवं उचित मुआवजे का आकलन करना।

(iv) प्रभावित होने वाले परिवारों पर सम्भावित आर्थिक एवं सामाजिक प्रभाव का आकलन करना करना तथा उनके पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन करने हेतु प्रबन्धन योजना प्रस्तुत करना।

(v) प्रस्तावित अधिग्रहण लोक प्रयोजनार्थ है, यह सुनिश्चित करना।

(vi) प्रस्तावित अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले परिवारों की संख्या का सही आकलन करना तथा उनके जीविकोपार्जन के वर्तमान साधनों को ज्ञात करना।

(vii) प्रस्तावित अधिग्रहण से अवस्थित समस्त सार्वजनिक जनसम्पत्तियों यथा सड़क मार्ग, सार्वजनिक एवं निजी मकान, विद्यालय, कार्यालय, स्वास्थ्य इकाईयों, आंगनबाड़ी केन्द्र, पेयजल स्रोत, उद्यान, श्मशान, प्रार्थना के स्थान यथा मंदिर, मस्जिद इत्यादि को ज्ञात करना तथा उनके विस्थापन के प्रभाव का आकलन करना।

(viii) इस बात का समुचित निर्धारण करना कि प्रस्तावित क्षेत्र से कम क्षेत्र का अधिग्रहण करना उपयुक्त नहीं है तथा प्रस्तावित स्थान ही प्रस्तावित परियोजना के लिए सर्वथा उपयुक्त है। इसके अतिरिक्त कोई अन्य स्थान अधिग्रहण हेतु उपयुक्त नहीं है। साथ ही पूर्व में अधिग्रहित कोई अन्य भूमि आसपास अनुपयोगी स्थिति में उपलब्ध नहीं है।

(ix) इस बात को सुनिश्चित करना कि परियोजना में सामाजिक समाघातों को हल करने हेतु होने वाले व्यय एवं परियोजना पर होने वाले व्यय, दोनों समग्र व्यय से परियोजना से अपेक्षित लाभ अधिक है।

2.5 सामाजिक समाघात आकलन की अध्ययन प्रक्रिया

सामाजिक समाघात का अध्ययन सम्भवतः परियोजना नियोजन चरण में किया जाना चाहिये। यह अध्ययन की प्रक्रिया को समझने में सहयोग प्रदान करता है एवं सामाजिक समाघात आकलन अध्ययन की प्रक्रिया निम्न है:

- सकारात्मक या नकारात्मक रुप से प्रभावित समूह कौन होगा, पर जानकारी।
- परियोजना और उसके प्रभाव के बारे में प्रभावित लोगों की धारणाओं के बारे में जानकारी।
- प्रभाव को कम करने के लिए संभावित उपाय करने की जानकारी।
- परियोजना क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक स्थितियों के बारे में आधारभूत जानकारी।
- परियोजना के सम्भावित प्रभावों, परिणाम, वितरण और उनकी अवधि की विशेषता पर जानकारी।
- राहत उपायों को लागू करने की लिए संस्थागत क्षमता के बारे में जानकारी।

2.6 अध्ययन क्षेत्र

मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण हेतु ग्राम सालावास की कुल 19.8474 हेक्टेयर निजी एवं सरकारी भूमि अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित है। प्रस्तावित अधिग्रहण क्षेत्र जिला मुख्यालय से लगभग 22 कि.मी. तथा तहसील मुख्यालय से भी 22 कि.मी. की दूरी पर है।

तालिका 2.1 लूणी तहसील (प्रभावित गांवों का जनसंख्या प्रारुप)

गांव का नाम	जनगणना कोड	गांव की जनसंख्या प्रारुप (जनगणना 2011 के अनुसार)			अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति
		कुल श्रमिक	कुल परिवार	कुल जनसंख्या		
सालावास	85544	1986	1067	6592	1193	25
सालावास रेलवे स्टेशन	85542	181	131	670	74	7
नोटः–सूचना स्रोत जनगणना 2011 के अनुसार						

2.7 परियोजना और सामाजिक समाघात आकलन –समूह बैठक में एस.आई.ए. के दौरान लूणी तहसील के ग्राम सालावास में ग्राम स्तर पर समुदाय एवं प्रभावित लोगों के साथ बैठक आयोजित की गई। ग्राम बैठक

ग्राम बैठक में प्रभावित लोग खसरों के बारे में जानकारी लेते हुए

कर किसानों/ भू–स्वामी एवं गांव के अन्य लोगों के विचार जानने का प्रयास किया गया। बैठक में यह भी प्रयास किया गया कि गांव के पंचायत जन प्रतिनिधी जैसे सरपंच व पंच, आंगनवाडी कार्यकर्ता, ग्राम सेवक व पटवारी भी मौजूद रहे।

बैठक में किसान/ भू–स्वामी एवं गांव के अन्य लोग भी उपस्थित रहे। बैठक में गांव के विकास एवं विकास के मुद्दों पर चर्चा की गई। ग्राम बैठक में उपस्थित लोगों/भू– स्वामियों ने गांव के विकास को लेकर अपने अपने मत प्रस्तुत किये। चर्चा के दौरान उपस्थित लोगों ने अपनी बात रखते हुए बताया कि किसान/भू–स्वामी को जो भी क्षति होने वाली है उसकी क्षतिपूर्ति के लिए सरकार द्वारा मुआवजे की कार्यवाही करते हुए लोगों को आश्वस्त किया जाना चाहिये। लोगों को आश्वस्त करने से प्रस्तावित परियोजना क्षेत्र में निर्माण कार्य करना सहज हो जाता है।

क्षेत्र में प्रस्तावित योजना का फायदा भी लोगों को मिलेगा एवं सरकार जो भी भूमि अवाप्त करती है एवं मुआवजा की कार्यवाही शीघ्र होती है एवं प्रभावित लोगों द्वारा दिये गये सुझावों के निराकरण शामिल कर

लिये जाते हैं तो अधिकांश लोगों की सहमति भी मिल जाती है जिससे परियोजना कार्य के क्रियान्वयन की राह आसान हो जाती है। –

क्रम संख्या	गांव का नाम	प्रभावित भू–स्वामियों द्वारा दिये गये सुझाव एवं मांग
1	सालावास	• भू–स्वामी जिनकी जमीन अधिग्रहित की जा रही है उन्हें खसरावार तथा व्यक्ति वार भूमि अवाप्ति की जानकारी दी जावे। • प्रभावित भू–स्वामी के परिवार के एक सदस्य को कंटेनर डिपों में रोजगार/नौकरी दी जावे। • भू–स्वामियों को जो मुआवजा दिया जावे वो बाजार भाव से दिया जावे। न कि डी.एल.सी दर से। वर्तमान में बाजार भाव लगभग 60 लाख प्रति बीघा है। • भू–स्वमियों के खेत में बनी समस्त संरचनाओं का आज के बाजार भाव के हिसाब से मुआवजा दिया जावे। जैसे मकान, कुआं, ट्यूबवैल, तारबन्दी, पेड़ आदि। • प्रस्तावित योजना के अन्दर गांव के किसाानों की रेलवे लाईन पार करते हुए डामरीकरण सड़क मार्ग बना है उसको अवरुद्ध न किया जावे। • ग्राम सालावास की सरहद में जे.डी.ए. ने जो भू–खण्ड/ कॉलोनी काटी है जिनकी रेट मीटर/गज से है उसके अनुसार रेट/दर तय की जावे। • रेलवे का गेट नम्बर सी–214 जो किसानों के खेत में जाने का रास्ता है उसको बन्द कर रखा गया है उसको पुनः चालू/खोला जावे। • कॉनकॉर डिपो योजना के द्वारा अधिग्रहित की जा रही भूमि के अलावा जो भूमि बच रही है उसको किसी भी प्रकार से रेड जोन/ नो कंस्ट्रक्शन जोन घोषित ना किया जावे। • प्रस्तावित डिपो के आसपास के किसानों के आने जाने का जो मार्ग है उसकों बन्द न किया जावे या उसके स्थान पर नया रास्ता बनाकर दिया जावे।

		• भू–स्वामी को क्षतिपूर्ति राशि खाते में जमा कराई जावे जो एक मुश्त होनी चाहिये एवं उक्त राशि पर किसी प्रकार का कोई टैक्स कटौती नहीं की जावे। • प्रस्तावित परियोजना में प्रस्तावित सूची में नाम सुधार एवं बंटवारा नामान्तकरण जैसा कार्य में सहयोग कराया जावे। • जो भूमि अवाप्ति हेतु प्रस्तावित है उसकी जानकारी दी जावे। • भू–स्वामियों की फसल को प्रभावित करते है तो उसका भी मुआवजा दिया जावे। • सभी मांगों पर उचित निर्णय किया जावे। • डिपो के विस्तार एव निर्माण कार्य में स्थानीय लोगों को मजदूरी करने, ट्रैक्टर, ट्रक आदि को अवसर दिया जावे एवं कंटेनर डिपो के बाहरी व्यक्ति द्वारा कार्य में जिन खातेदारों की जमीन जा रही है उनको प्राथमिकता देते हुए अवसर दिया जावे।

प्रभावित भू–स्वामियों के साथ मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के बारे में लूणी तहसील के ग्राम सालावास में लोगों के साथ फोकस ग्रुप चर्चा की गई। चर्चा में यह समझने के प्रयास किये गये कि गांव के लोगों की आय एवं जीवन यापन के मुख्य आधार क्या हैं साथ ही यह भी प्रयास किये गये कि गांव/मोहल्लों में कहीं कोई विवादास्पद स्थिति तो नहीं है। मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण हेतु भू अवाप्ति के प्रभावों को जानने के लिए छोटे समूह में बैठक करने का निर्णय लिया गया जो समाज/गांव में किसी भी प्रकार के होने वाले विवाद या बाधा को समझने में सहायक होते हैं। गांव एवं लोगों के विचारों को जानकर उनके अनुसार रणनीति बनाकर चरणबद्ध तरीके से कार्य नीति निर्माण कर सकें। छोटे समूहों में चर्चा कर उन्हें अपनी बात कहने का अवसर भी दिया गया ताकि वे अपनी बात कह पाये। प्रभावित लोगों के विचार उनकी राय परियोजना कार्य के क्रियान्वयन के लिए सहायक होते हैं। लोंगों को उनकी समस्याओं को समझने का एक अवसर भी है।

2.8 कानून और नीतियाँ

सामाजिक समाघात आकलन अध्ययन (एस.आई.ए.) ढ़ांचागत परियोजना (Infrastructural project) एवं अन्य विकास कार्यों से होने वाले सामाजिक प्रभावों की समीक्षा करने की एक पद्धति है। सामाजिक समाघात आकलन अध्ययन (एस.आई.ए.) ढ़ांचागत परियोजना (Infrastructural project) एवं अन्य विकास

कार्यों से प्रभावित होने वाले लोगों/भू–स्वामियों के बारे में सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं को जानना है। प्रभावित लोगों/भू–स्वामियों को भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार के अन्तर्गत राहत योजना तैयार कर राहत दिलाना है जिसके लिए भूमि अधिग्रहण पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का कानून प्रभावी है जिसके तहत् एस.आई.ए. का अध्ययन किया गया।

एस.आइ.ए. दल सदस्य परिवार स्तर पर लोगों से चर्चा करते हुए

- भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013।
- राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2016।

अध्याय –3
सामाजिक समाघात प्रभाव अध्ययन टीम की रचना, दृष्टिकोण एवं विधि

3.1 टीम की रचना, दृष्टिकोण एवं विधि

सामाजिक समाघात प्रभाव अध्ययन में प्रथम दृष्टया यह भी ध्यान रखा गया कि प्रस्तावित मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण कार्य का ध्यान रखा गया कि गांव की कुल कितनी भूमि अवाप्त की जानी है तथा जमीन किस प्रकार की है। भू–स्वामियों को कितनी क्षति हो रही है। मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण हेतु लूणी तहसील का ग्राम सालावास हेतु भूमि अधिग्रहण के लिए गांव वालों की आम राय किस प्रकार बन सकती है। यह भी घ्यान रखा गया है कि मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण से क्षेत्र में जमीन के अतिरिक्त किस प्रकार की संरचनाएॅ भी प्रभावित हो रही है।

किसी भी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण हेतु योजना निर्माण एवं उसका क्रियान्वयन सबसे महत्त्वपूर्ण माना गया है। उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अध्ययन विशेषज्ञों में सामाजिक विशेषज्ञ, सांख्यिकी विशेषज्ञ, पी.आर.ए. विशेषज्ञ, एवं तकनीकी विशेषज्ञ दल का संस्थान स्तर पर गठन किया गया। मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण हेतु लूणी तहसील का ग्राम सालावास में निर्माण की महत्ता को देखते हुए जमीन अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित है। मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण हेतु लूणी तहसील का ग्राम सालावास में कार्य हेतु प्रस्तावित गांव में कृषि भूमि अधिग्रहण हेतु संस्थान के विशेषज्ञों द्वारा सामाजिक समाघात आकलन अध्ययन कर कार्य को रणनीतिबद्ध एवं योजनानुसार गति प्रदान की गई।

पी. आर. ए. के माध्यम से लोगों से योजना एवं भू–अवाप्ति के संदर्भ में विचार जानने का प्रयास किया गया। ग्राम विकास को लेकर गांव की समस्या एवं समाधान टूल के माध्यम से एक अभ्यास गांव के कुछ लोगों के साथ आरम्भ किया गया। लोगों की भागीदारी के साथ धीरे–धीरे संख्या भी बढ़ने लगी। पी.आर. ए. अभ्यास के दौरान ग्राम स्तरीय मुद्दों पर लोगों द्वारा विचार रखे गये। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि लूणी तहसील के ग्राम सालावास में भूमि अधिग्रहण कर मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण होना है। परियोजना के संचालन एवं क्रियान्वयन को लेकर लोगों का रवैया सकारात्मक भी है वहीं कुछ लोग भूमि अधिग्रहण के पक्ष में नहीं हैं।

पी.आर.ए. अभ्यास के दौरान हमारी समस्या हमारे समाधान के अन्तर्गत जन प्रेरणा का प्रयास किया गया। प्रभावित भू–स्वामियों को प्रेरित करते हुए बताया गया कि भूमि अधिग्रहण सभी की समस्या है तो निश्चित ही समाधान भी हमारे पास है। सभी उपस्थित ग्रामीण जन को पी.आर.ए. अभ्यास से जुड़े रहने के लिए उत्प्रेरित किया गया। सभी उपस्थित ग्रामीण जन ने अपने अपने मत सुझाव के रुप में रखे। कॉनकॉर का यह मानना है कि भूमि का अधिग्रहण मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक

लाइन निर्माण हेतु जरुरी है। इस परिस्थिति में सरकार द्वारा समाघात प्रभाव निवारण हेतु शमन योजना बनाई जानी चाहिये एवं लोगों के समक्ष खुलासा करना चाहिये। जिससे प्रभावित लोग राहत महसूस कर सके। इसका प्रमुख कारण यह है कि भूमि का अधिग्रहण सूक्ष्म स्तर पर किया जा रहा है। इस भूमि अधिग्रहण से भू–स्वामी प्रभावित होंगे।

पी.आर.ए विधा :

1- ग्राम इतिहास (Village History)
2. सामाजिक मानचित्रण (Social Mapping)
3. मौसमी चित्रण (Seasonality)
4. बदलाव विश्लेषण (Trend Analysis)
5. चपाती डायग्राम (Venn Diagram)
6. समस्या और समाधान (Problem & solutions)
7. तालिका क्रम (Matrix Ranking)

3.2 जानकारी एकत्रीकरण की प्रक्रिया

मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण हेतु लूणी तहसील का ग्राम सालावास में जमीन अधिग्रहण हेतु सामाजिक समाघात आकलन के दौरान ग्राम स्तरीय जानकारी एकत्र करने हेतु बैठक के लिए लोगों को सूचित किया गया। लोगों की राय से बैठक आयोजन हेतु स्थान चयन किया गया ताकि लोग बिना किसी रुकावट या आवरोध के एक स्थान पर एकत्र हो सके। परियोजना कार्य को लेकर किस प्रकार की बाधाएँ हैं सभी का बैठक में आकलन किया गया। बैठक में मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण हेतु ग्राम सालावास में निर्माण के सफल क्रियान्वयन हेतु बुनियादी सवालों के सन्दर्भ में समुदाय की राय, सुझावों को साझा कर लिपिबद्ध किया गया।

(क) परिचय सत्र : बैठक का आरम्भ परिचय से हुआ जिसमें सर्वप्रथम एस.आई.ए. दल के सदस्यों द्वारा परिचय दिया गया। ग्राम बैठक में उपस्थित ग्राम के लोगों ने अपना अपना परिचय दिया एवं मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण कार्य हेतु अवाप्त की जाने वाली भूमि के बारे बताते हुए कहा कि कुछ किसान/ भू–स्वामी ऐसे भी हैं जिनकी 20 प्रतिशत से लेकर 60 प्रतिशत तक जमीन अवाप्त की जा रही है। लोगों की समस्या निवारण हेतु समाघात योजना निर्माण कर प्रभावित भू–स्वामियों को राहत दी जानी चाहिये।

(ख) खुला संवाद एवं सुझाव सत्र : बैठक में उपस्थित भू–स्वामी/लोगों को अपने मत रखने का अवसर प्रदान किया गया जो परियोजना कार्य से सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। इस सत्र का सीधा सीधा फायदा यह हुआ कि बिना किसी दबाव के एवं स्वेच्छा से अपने मन की बात रखी। उपस्थित किसानों/भू–स्वामियों ने प्रस्तावित योजना हेतु प्रत्येक खसरा अनुसार अर्जन की जाने वाली भूमि का

क्षेत्रफल खुलासा करने, मुआवजा राशि विवरण एवं मुआवजा राशि वितरण के तरीके के बारे में जानना चाहा। सभी प्रकार की जानकारी की मांग प्रभावित भू–स्वामियों द्वारा किया गया एवं कार्य में सहयोग करने का आश्वासन भी दिलाया गया। कुछ गांवों के लोग मुआवजा राशि को लेकर असमंजस में हैं। प्रभावित भू स्वामियों का कहना है कि मुआवजा राशि कितनी मिलेगी, कितने दिनों में मिलेगी जैसे बहुत सारे सवाल उनके द्वारा किये गये। लोगों के विचारों को जानते हुए बताया गया कि यह (एस.आई.ए.) वर्तमान में कानूनी प्रक्रिया का भाग है। इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के पश्चात् लोगों को समय पर एवं नियमानुसार उचित मुआवजा राशि दिया जा सकेगा।

(ग) परियोजना क्रियान्वयन पर जनमत : कॉनकॉर द्वारा मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण हेतु लूणी तहसील का ग्राम सालावास में प्रस्तावित जगह को कार्य के लिए जरुरी एवं उपयोगी बताया। कुछ ऐसे भी परिवार हैं जिनकी अधिक जमीन अवाप्त की जा रही है वे सहमत तो हैं लेकिन भू अवाप्ति को लेकर कहीं ना कहीं मन में पीड़ा (तकलीफ) भी है ऐसा लोगों से चर्चा के दौरान महसूस किया गया। जन समुदाय से हुई बैठक व चर्चानुसार उपरोक्त मांग/शर्तों पर सभी की सहमति महसूस की गई।

एस.आइ.ए. दल सदस्य जगदीश चौधरी लोगों को बैठक कार्यवाही पढ़कर सुनाते हुए

सामाजिक समाघात आकलन की अध्ययन (एस.आइ.ए) प्रक्रिया

सामाजिक समाघात आकलन अध्ययन के दौरान विषय विशेषज्ञों ने जन समुदाय/ ग्रामीण जन को प्रेरित कर मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण हेतु लूणी तहसील का ग्राम सालावास में प्रभावित भू–स्वामियों से राय जानी एवं सामाजिक तौर पर भू–स्वामी इस योजना से किस प्रकार एवं कितना प्रभावित होगा का भी आकलन किया। (जैसाकि राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2016।)

उपरोक्त भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन नियमानुसार उचित कार्यवाही करना चाहिये ताकि परियोजना कार्य को गति प्रदान की जा सके। प्रभावित किसान/भू–स्वामियों को उचित मुआवजा राशि मिल सके जिस पर लगभग सभी किसान/भू–स्वामी सहमत हैं।

(घ) भू–स्वामी/ किसान और ग्रामीणों की भागीदारी एवं भूमिका : सामाजिक समाधात अध्ययन के दौरान गांव के लोगों, महिलाओं, गणमान्य व्यक्तियों सभी से अलग अलग समूह में खुली चर्चा एवं संवाद किया गया। जैसा विदित है कि जिस किसी व्यक्ति, समाज, धरोहर को कितना क्षति हो रही है एवं किस स्तर तक क्षति का वहन किया जा सकता है या फिर इसकी भरपाई कितना किया जाना चाहिये जिससे कि प्रभावित भू–स्वामी को राहत/क्षतिपूर्ति की जा सके एवं उस पर वह कार्य करने की रजामन्दी प्रदान कर दे। बैठक में सभी उपस्थित किसानों, भू–स्वामियों और ग्रामीणों का सामाजिक व आर्थिक भावनाओं का पूरा सम्मान किया गया। भूमि अधिग्रहण को लेकर लोगों ने लिखित में अपनी राय प्रस्तुत की है एवं गांव के एक व्यक्ति ने सभी के बीच पढ़ कर बताया जिसे लोगों की मांग/राय में सम्मिलित किया गया है।

3.3 एस.आई.ए एजेंसी का चयन

राजस्थान सरकार उद्योग एवं वाणिज्य (ग्रुप–1) विभाग के पत्र क्रमांक प.4(3.) उद्योग/1/2022 दिनांक 08 फरवरी 2023 के अनुसार परियोजना प्रभावित क्षेत्र में एस.आई.ए कार्य के लिए एजेंसी सेंटर फॉर डवलपमेंट कम्यूनिकेशन एण्ड स्ट्डीज, (सीडेक्स) को चयन कर कार्य की जिम्मेदारी दी। चयनित एजेंसी द्वारा जिम्मेदार, विषय के जानकार एवं विषय विशेषज्ञ व्यक्तियों की एक टीम बनाई गई । उन्हें सूचनाओं के संग्रह का कार्य दिया गया। निम्न व्यक्तियों की सूची है जो सूचनाओं के संग्रह, सारणीकरण और तैयारी रिपोर्टो में शामिल थे। एस.आई.ए की आवश्यकता के मुताबिक, टीम के प्रत्येक सदस्य का अपने क्षेत्र में अच्छी पकड़ है के साथ साथ विषय विशेषज्ञ भी हैं, विभिन्न प्रकार के सामाजिक शोध अध्ययनों के अनुभव है और इससे पहले कई ऐसे अध्ययन भी इनके द्वारा किए जा चुके हैं।

क्र.सं	सदस्य का नाम	शैक्षणिक योग्यता	लिंग	विशेषता
1.	डॉ. उपेन्द्र सिंह	• ग्रामीण विकास एवं प्रबन्धन में स्नातकोत्तर • पी.एच.डी.(विकास के संदर्भ में प्रभावी सम्प्रेषण, एवं सम्प्रेषण विधाएँ	पुरूष	• प्रभावी सम्प्रेषण, एवं सम्प्रेषण विधाएँ • पी.आर.ए./पी.एल.ए. विशेषज्ञ • परियोजना निर्माण प्रबन्धन कार्य • प्रभावी पर्यवेक्षण एवं प्रबन्धन कार्य
2.	डॉ. राजीव गुप्ता	• समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी.	पुरुष	• प्रोफेसर एवं हैड – समाजशास्त्र विभाग, राजस्थान विश्व विद्यालय, जयपुर, राजस्थान • प्रभावी सम्प्रेषण, एवं सम्प्रेषण विधाएँ • प्रभावी पर्यवेक्षण एवं प्रबन्धन कार्य

3.	श्री पेमाराम	भू–अवाप्ति विशेषज्ञ, रिटायर्ड तहसीलदार, राजस्थान सरकार	पुरुष	• एस.आई.ए. व भूमि रिकॉर्ड अनुभव • सामाजिक समाघात प्रभाव, फ्रेम वर्क एवं आकलन
4.	डॉ. अल्पना सिंह	• ग्रामीण विकास एवं प्रबन्धन में स्नातकोत्तर • पी.एच.डी. – (**"Poverty, Gender & Social Development: Sociological construction of a Paradigm",**	महिला	• सामाजिक समाघात प्रभाव, फ्रेम वर्क एवं आकलन रिपोर्ट सम्पादन कार्य • ग्रामीण विकास में महिलाओं की भागीदारी, व समाज निर्माण के प्रतिमान
5.	कैलाश कुमावत	सामाजिक एवं आर्थिक विशेषज्ञ	पुरूष	• एस.आई.ए. व भूमि रिकॉर्ड अनुभव
6.	मांगीलाल	स्नातकोत्तर	पुरूष	सर्वेक्षण एवं सूचना संकलन विश्लेषक
7.	जगदीश चौधरी	एम०ए० (सामाजिक विज्ञान)	पुरूष	• पी.आर.ए. विशेषज्ञ • सूचना संकलन • कम्यूनिटी मोबीलाजर
8.	दिलीप शर्मा	एम०ए० (सामाजिक विज्ञान)	पुरूष	• पी.आर.ए. विशेषज्ञ • सूचना संकलन एवं विश्लेषक
9.	पूजा जैन	एम०ए० (सामाजिक विज्ञान)	पुरूष	• सूचना संकलन • कम्यूनिटी मोबीलाजर
10.	मेहित शर्मा	तकनीकी एवं डाटा विशेषज्ञ,	पुरूष	• सूचना संकलन एवं विश्लेषक
11.	मुकेश राठी	तकनीकी एवं डाटा विशेषज्ञ,	पुरूष	• सूचना संकलन एवं विश्लेषक
12.	उमाकांत वाजपेयी	बी.टेक कम्प्यू. साईंस	पुरूष	सूचना संकलन एवं डाटा विश्लेषक
13.	हंसराज राठौड़	स्नातकोत्तर	पुरूष	सर्वेक्षण एवं सूचना संकलन विश्लेषक
14.	अमीषा गुज्जर	एम.एस.डब्ल्यू	महिला	• पी.आर.ए. विशेषज्ञ • सूचना संकलन एवं विश्लेषक

3.4 सामाजिक समाघात आकलन अध्ययन

सामाजिक समाघात आकलन अध्ययन (एसआईए) एक ऐसी कार्य प्रणाली है जो ऐसे सुधारों को बढ़ावा देती है, जो लोगों के बेहतर विकास एवं कार्यक्रम निर्माण में मदद करते हैं। सामाजिक समाघात प्रभाव का आकलन संगठनों को बेहतर योजना बनाने, और प्रभावी ढंग से लागू करने और उचित पैमाने पर कार्य करने लिए सफलतापूर्वक पहल करने में सहायता करता है। आकलन जवाबदेही की सुविधा देता है, हितधारक संचार का समर्थन करता है, और विशेषकर सामाजिक प्रभाव राहत योजना की तैयारी के लिए एस.आई.ए. संबंधित पंचायत के परामर्श दुर्लभ संसाधनों के आवंटन को मार्गदर्शन करने में सहायता करता है। गांव स्तर पर प्रभावित क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर पर्याप्त प्रचार के द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में सार्वजनिक सुनवाई के बाद तिथि और समय के बारे में और प्रभावित परिवारों के विचारों का पता लगाने के लिए सार्वजनिक सुनवाई के लिए स्थल लिखित में दर्ज किया गया। एस.आई.ए. को परियोजना प्रभावित

परिवारों (पी.ए.एफ.) के साथ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण, पी.आर.ए., एफ.जी.डी. के रुप में किया गया था जो कि परियोजना प्रेरित विस्थापन का सामना करने वाले लोगों और समुदायों पर सामाजिक और आर्थिक प्रभावों की पहचान करता है। इसके अतिरिक्त, इस तरह प्राप्त डेटा का उपयोग कार्य योजना तैयार करने के साथ साथ राहत कार्य क्रियान्वयन को भी सरकार की निगरानी में किया जाता है। अध्ययन के आंकड़ों को संकलित करने के लिए कई प्राथमिक और सैकेन्डरी स्रोतों की सहायता ली गई है। परियोजना के अन्तर्गत विस्थापन का सामना करने वाले लोग/किसान/परिवार और समुदायों पर सामाजिक और आर्थिक प्रभावों की पहचान की गई जिसमें उपस्थित लोगों ने जमीन, तारबंदी, ट्यूबवैल, मकान, पेड़, रास्ते, जैसी संरचनाओं को प्रभावित होना बताया गया। जिन किसानों की ज्यादा भूमि अवाप्ति में जाने वाली है वे आर्थिक, सामाजिक तौर पर ज्यादा प्रभावित होगें। भविष्य में उनके सामने जीवन यापन करना एवं अपने आप को तैयार करना एक चुनौती के रुप में होगा।

3.5 एस.आई.ए. के लिए जानकारी संग्रहण करने के लिए उपयोगी टूल एस.आई.ए. सैकेन्डरी और प्राथमिक आंकड़ों पर निर्भर करता है।

(ए) सैकेन्डरी स्रोत– डेटा के निम्नांकित स्रोतों में शामिल है।

- सरकारी /जनगणना डेटा (2011)
- भूमि लेनदेन के रिकॉर्ड सहित भूमि रिकॉर्ड
- जिला गजेट्र्स
- अन्य प्रशासनिक रिकॉर्ड

(बी) प्राथमिक स्रोत –

- ग्राम पंचायत
- आंगनवाडी केन्द्र
- उपस्वास्थ्य केन्द्र
- विद्यालय

3.6 समाघात प्रभाव आकलन विधा/तरीके

सामाजिक समाघात आकलन अध्ययन में आम तौर पर डेटा/आंकड़ा संग्रह पद्धतियों, संख्यात्मक और गुणात्मक सारणी का उपयोग शामिल है। सामाजिक अध्ययन करने के लिए कारणों के संयोजन की आवश्यकता होती है। मूल विश्लेषणात्मक उपकरणों के अलावा एस.आई.ए. सहभागिता के तरीकों का उपयोग करता है। जो परियोजना कार्य की बेहतर समझ में योगदान करते हैं। परियोजना के स्वामित्व को बढ़ाने में भी मदद कर सकते हैं। मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण से लोगों की जमीन, पाईप लाईन, मकान, तारबन्दी, सामान्य पेड़ या कोई अन्य प्रकार की संरचना प्रभावित होगी जोकि व्यक्ति या परिवार के लिए उपयोगी है या उपयोग में ली जा रही है।

सामाजिक समाघात अध्ययन की पद्धति की स्पष्टता महत्त्वपूर्ण है। एस.आई.ए. में कई इकाईयां विश्लेषण, जैसे परिवारों, घरों में व्यक्तियों, शिक्षा, रोजगार एवं आय के बारे में जानकारी संकलित करते हैं। घरेलू इकाई का उपयोग आमतौर पर पुनर्वास योजना के प्रयोजनों के लिए किया जाता है। (एकल परिवार, संयुक्त परिवार या गैर सम्बन्धित सदस्यों सहित एक इकाई शामिल हो सकती है।) प्रभावों की लिंगीय प्रकृति पर हमेशा विचार करना महत्त्वपूर्ण है।

एस.आई.ए. टीम ने साईट पर नक्शे को सत्यापित करने और प्रभावित क्षेत्रों की पहचान करने के लिए साईट का दौरा किया। क्षेत्र की पहचान करने के बाद, सर्वेक्षण दल ने परियोजना स्थल पर मुखिया और स्थानीय संसाधन व्यक्ति से परामर्श किया एवं भूमि अधिग्रहण पर उनके दृष्टिकोण और विचारों को जानने के लिए ग्रामीणों के साथ एफ.जी.डी. बैठक आयोजित की। सर्वेक्षण दल ने उन हितधारकों के साथ बैठक भी आयोजित की है जो प्रभावित है उनकी गणना करते हुए प्रस्तावित प्रभावित भू–स्वामियों की सूची का प्रमाणीकरण किया गया। प्रस्तावित प्रभावित भू–स्वामियों से परियोजना के बारे में जानकारी और सर्वेक्षण प्रक्रिया साझा की गई।

3.7 अध्ययन की सीमाऍ

संख्यात्मक डेटा संग्रह पद्धति की भी सीमाऍ हैं, जैसे नमूने की पर्याप्तता, उत्तरदाताओं का सहयोग, टीम का अनुभव और क्षेत्र में टीम के द्वारा पर्याप्त सूचनाओं का संग्रहण किया जाता है। कई बार क्षेत्र में परिस्थितियां विपरीत होने की स्थिति एवं कुछ हितधारकों के अनुपस्थिति के कारण उनके विचारों एवं सूचनाओं का संग्रहण नहीं किया जा सकता है।

3.8 सर्वेक्षण पद्धति

सामाजिक समाघात आकलन अध्ययन करने के उद्देश्य के लिए सामाजिक आर्थिक सूचनाएँ एकत्र करने के कई तरीके हैं। आमतौर पर इस प्रयोजन के लिए उपयोग की जाने वाली विधियाँ इसमें शामिल है।

संख्यात्मक विधियाँ (Quantitative Method)

- भूमि अधिग्रहण सर्वेक्षण (अधिसूचना अनुसार)
- जनगणना आंकड़ों को एकत्र करना
- परिवार सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण
- अन्य प्रशासनिक राजस्व रिकॉर्ड

गुणात्मक तरीके (Qualitative Method)

- साक्षात्कार
- फोकस ग्रुप डिस्कशन (एफ.जी.डी.)
- रैपिड मूल्यांकन

- ग्राम बैठक/जन सुनवाई
- महिला बैठक/सम्पर्क
- सार्वजनिक ग्राम बैठक

सामाजिक समाघात हेतु प्राथमिक स्तरीय सूचना संकलन विधा

I. गुणात्मक तरीके

(क) साक्षात्कार—एक प्रश्नावली जो परियोजना शुरु करने से पहले आधारभूत स्थितियों को जानने एवं समझने में सहायता करती है। प्रश्नों में सामाजिक आर्थिक स्थिति (धर्म, जाति, परिवार आकार, शिक्षा, कौशल, व्यवसाय और आय) के सभी पहलुओं को शामिल किया गया था। यह प्रश्नावली सरल भाषा में एवं महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर केन्द्रित है।

(ख) फोकस्ड ग्रुप डिस्कशन्स (एफजीडी) : एफजीडी में एक या एक से अधिक शोधकर्ता जांच के जरिए एक समूह चर्चा का मार्गदर्शन करते हैं। समूह सदस्यों को विषय पर चर्चा करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस समूह में प्रतिभागियों द्वारा मुद्दों पर चर्चा की जाती है। शोधकर्ता द्वारा समूह कें

ग्राम बैठक में प्रभावित लोगों से सामाजिक आर्थिक मुद्दों पर चर्चा करते हुए

प्रतिभागियों से मुद्दों, मुख्य विषय के बारे में सामान्य चर्चाए की जाती हैं एवं लोगों की सक्रिय एवं सहयोगात्मक भागीदारी हो इसके लिए प्रेरित किया जाता है एवं उन्हें प्रतिनिधित्व करने का अवसर भी प्रदान किया जाता है। एफजीडी के माध्यम से आवश्यक सूचनाए भी संकलित की जाती है ताकि लोगों की स्थिति, सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों आदि का आकलन किया जा सके।

(ग) रैपिड़ मूल्यांकन : कभी–कभी 'रैपिड मूल्यांकन' (कई अलग–अलग नामों से ज्ञात) के रूप में जाना जाने वाला दृष्टिकोण मूल्यवान हो सकता है। यह कम लागत वाली विधि महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ गहराई से साक्षात्कार पर आधारित हैं, जिसमें पता लगाने वाले मुदद्ों के बारे में ज्ञात होना है। समुदाय में प्रासंगिक समूहों के प्रतिनिधियों के साथ सैकेन्डरी डेटा और समूह साक्षात्कार के विश्लेषण में गहराई में मदद करता है।

(घ) ग्राम बैठक/ सुनवाई : ग्राम बैठक वह स्रोत है जहां पर सूचनाओं के संकलन एवं बाधाओं को ज्ञात करने में आसानी रहती है। कई बार प्रभावित भू–स्वामी अपनी बात को कहने बताने में सक्षम नहीं होता है तब गांव के अन्य समझदार एवं सक्षम व्यक्ति उनकी बातों को अभिव्यक्त करने में मददगार साबित होते हैं। ग्राम स्तरीय समस्याओं का आकलन भी आसानी से हो पाता है क्योंकि सभी लोग सकारात्मक होकर भागीदारी निभाते हैं। कई बार असामान्य स्थिति में ग्राम बैठक कर लोगों की राय जानना परियोजना के हित में होता है।

प्रभावित भू–स्वामियों को भूमि अवाप्ति की प्रक्रिया एवं मुआवजा राशि के बारे में जानकारी देते हुए

(ड़) महिला बैठक/सम्पर्क : किसी भी परिवार के विकास एवं सम्पन्नता में महिलाओं की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। महिलाओं की भागीदारी एवं उनके परिवार पर भू अर्जन के प्रभाव किस प्रकार

के होंगे या उनके परिवार को कितना प्रभावित

प्रभावित परिवार सम्पर्क के दौरान महिलाओं से चर्चा कर जानकारी लेते हुए जगदीश चौधरी

करेगा सभी जानना अनिवार्य है। महिला बैठक में उनकी राय लेते हुए उनके सुझावों को भी संकलित किया गया जो कि प्रभावित होने वाले परिवारों के लिए राहत कार्य में मददगार होंगें। आज हमारी मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण हेतु अवाप्ति में जा रही है। महिलाओं ने आजीविका के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि जमीन किसी की भी जाये एवं कितनी भी जाये प्रभावित किसान की आय में एक बार तो कमी अवश्य होगी । इसका भी कोई उपाय किया जाना चाहिये एवं उनको जमीन के बदले अच्छा मुआवजा दिया जाना चाहिये।

(च) सार्वजनिक जन सुनवाई : भूमि अधिग्रहण से प्रभावित व्यक्तियों के लिए सामुदायिक स्तर पर सार्वजनिक बैठक/जनसुनवाई का आयोजन दिनांक 21.04.2023 को पटवार भवन/भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्र, सालावास, तहसील लूणी, जिला जोधपुर में हुआ । टीम पहले परियोजना और इसके संभावित प्रभावों, सकारात्मक और नकारात्मक दोनों का वर्णन करती है और फिर सभी मुद्दों पर खुली चर्चा की अनुमति देती है। जन सुनवाई के दौरान लोग अपनी समस्याएँ भू–अवाप्ति अधिकारी के सम्मुख रखते है जिन्हे अंतिम प्रतिवेदन में इन मुद्दों को जोड़ा गया है। ताकि सरकार क्षतिपूर्ति/मुआवजे की कार्यवाही करते समय प्रभावित लोगों को राहत प्रदान कर सके। यह माना जाता है कि लोगों को अकसर परियोजना और इसकी प्रभावों के बारे में सही एवं तथ्यात्मक प्रतिक्रिया मिलती है जो किसी भी प्रकार के निर्णय लेने के लिए उपयोगी एवं बेहतर साबित होती है।

राजस्थान सरकार

कार्यालय भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जोधपुर

सतलाना रोड, राजमार्ग-68, तहसील लूणी, Phone: 02931-284003, Email: sdmlu-jod-rj@nic.in

क्रमांक: भूमि अवाप्ति/2073/31 दिनांक:- 27.03.2023

लोक सूचनार्थ

(Public Notice)

भूमि अर्जन पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 धारा-5 एवं इस सम्बन्ध में राज्य सरकार के नियम, 2016 के प्रावधानानुसार एवं नियम 7 के तहत **मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क** (MMLP) के निर्माण हेतु सामाजिक समाघात प्रभाव के अन्तर्गत जन सुनवाई का आयोजन किया जाना है।

आवश्यक सूचना

भूमि अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2016 के प्रावधानानुसार ग्राम सालावास तहसील लूणी, जिला जोधपुर के निम्न प्रभावित गांवों में भूमि **मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क** (MMLP) के निर्माण कार्य हेतु निजी खातेदारी का अधिग्रहण किया जाना है। अतः भूमि अर्जन हेतु निम्न गांवों के प्रभावित व्यक्ति/ हितबद्धधारकों की सुनवाई हेतु जनसुनवाई बैठक आयोजित की जानी है।

क्र.सं.	गांव का नाम	तहसील	दिनांक	स्थान	समय
1	सालावास	लूणी	21.04.2023	पटवार भवन, सालावास	प्रातः 11.00 बजे

अतः इस जनसुनवाई में समस्त प्रभावित व्यक्तियों एवं जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

(पुखराज कांसोटिया)
भूमि अवाप्ति अधिकारी
एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी - जोधपुर

DIPR/C/5071/2023

II. संख्यात्मक विधियॉ

(क) भूमि अधिग्रहण सर्वेक्षण : परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण से स्थानीय लोगों के लिए विस्थापन और आजीविका का नुकसान अलग अलग प्रकार से होगा। भूमि अधिग्रहण के मूल्यांकन सर्वेक्षण में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई है कि भूमि अवाप्ति से किस पर और कितना प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। यह भूमि अधिग्रहण के सम्बन्ध में सरकारी भूमि अभिलेख, उपयोग के नक्शे, सांख्यिकीय जानकारी और मौजूदा कानून और प्रशासनिक अभ्यास एकत्रित करके सूचनाएँ तैयार की जाती है। आमतौर पर, भूमि अधिग्रहण सर्वेक्षण में केवल भूमि वाले, कानूनी शीर्षक वाले व्यक्ति शामिल है। गैर–शीर्षक वाले व्यक्ति (शेयर धारक, किरायेदारों, अनौपचारिक निवास) शामिल नहीं है। इसे अकसर प्रभावित व्यक्तियों की ''अधिकारिक'' सूची के रूप में जाना जाता है। जो सरकारी उपलब्ध खातेदारी रिकॉर्ड के आधार पर जमीन का आकलन

किया गया। सर्वेक्षण के दौरान प्रभावित परिवारों की भूमि खातेदारी रिकॉर्ड के अनुसार बताई गई एवं जानकारी संकलित की गई।

(ख) जनगणना सर्वेक्षण : यह सबसे महत्त्वपूर्ण सर्वेक्षण है, क्योंकि यह उन लोगों की सटीक संख्या निर्धारित करने में मदद करता है जिन पर परियोजना के प्रतिकूल प्रभाव होंगे। जनगणना सर्वेक्षण का उद्देश्य सभी प्रभावित व्यक्तियों और संपत्तियों की एक सूची तैयार करना है, जो निम्न हैं:

- परियोजना क्षेत्र में रहने वाले सभी प्रभावित व्यक्तियों का सर्वेक्षण
- सभी प्रभावित संपत्ति की जानकारी
- सभी प्रभावित व्यक्ति के आय का स्तर और स्रोत, और उन पर परियोजना का असर सर्वेक्षण में खातेदारी रिकॉर्ड अनुसार संगठन ने डेटा संग्रहण के लिए घर को मूल इकाई के रूप में माना।

(ग) सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण : यह अध्ययन प्रभावित जनसंख्या के महत्वपूर्ण सामाजिक–आर्थिक पहलुओं पर होने वाले प्रभावों के बारें में जानकारी प्रदान करता है। इसमें शामिल हैं :

जनसांख्यिकीय विवरण (पारिवारिक आकार, लिंग अनुपात, साक्षरता/शिक्षा स्तर, जाति, जनजाति, धर्म, लिंग, आयु वर्ग और कमजोर समूहों की आबादी) सामाजिक आर्थिक उत्पादन प्रणाली, आय के स्रोत, महिलाएं आर्थिक गतिविधियों और आय, पैतृक संपत्ति प्रावधान और कस्टम, स्वास्थ्य और पोषण के स्तर आदि।

तालिका 3.1 भू–अवाप्ति की तीव्रता प्रभाव का वर्गीकरण

ग्राम	कुल प्रभावित खसरा	प्रभावित भू–स्वामियों की तीव्रता का वर्गीकरण				
		0-20 %	**21-40%**	**41-60%**	**61-80%**	**81-100%**
	23	11	4	4	2	2
नोटः–प्रभावित 38 खसरों में भूमि का क्षेत्रफल तो बताया गया है लेकिन भूमि अवाप्ति को 9 जगह सम्मिलित दर्शाया गया है अतः प्रभावित भूमि का औसत विवरण प्रतिशत सम्मिलित दर्शाया गया है।						

कुल प्रभावित भू–स्वामियों में से 48 प्रतिशत परिवारों की 20 प्रतिशत भूमि अवाप्त हो रही है तथा 17.4 प्रतिशत परिवारों की 40 प्रतिशत से कम भूमि अवाप्ति हेतु प्रस्तावित है। वहीं 17.4 प्रतिशत परिवारों की 60 प्रतिशत से अधिक भूमि परियोजना हेतु अवाप्त हो रही है।

तालिका 3.2 परिवार की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव

प्रभावित भू–स्वामियों की के स्रोत	प्रभावित परिवार	वर्तमान वार्षिक आय	भू–अवाप्ति पश्चात् अर्जित आय
कृषि, पशुपालन	67	1,00,000 लाख तक	40 प्रतिशत कम आय
मजदूरी/नौकरी	48	1,00,000 लाख तक	30 प्रतिशत कम आय
सरकारी नौकरी	4	2,50,000 लाख से अधिक	30 प्रतिशत कम आय
स्वरोजगार	5	1,50,000 लाख से कम	30 प्रतिशत कम आय

उपरोक्त तालिका परियोजना हेतु भूमि अवाप्ति के कारण प्रभावित परिवारों पर पड़ने वाले आर्थिक स्थिति को दर्शाता है। लगभग सभी वर्ग के परिवार जो विभिन्न प्रकार के रोजगार से जीविकापार्जन कर रहे हैं, प्रस्तावित भूमि अवाप्ति से उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित होगी।



3.9 एस.आई.ए. अनुसूची

तालिका 3.3 : ग्राम स्तर पर एस.आई.ए. अन्तर्गत गतिविधियों की अनुसूची

क्र.सं.	विवरणी	दिनांक
1.	ग्राम चर्चा एवं स्थानीय अधिकारियों से सम्पर्क	18 फरवरी से 10 मार्च, 2023
2.	ग्राम बैठक	
3	सर्वेक्षण / परिवार सम्पर्क	
4	समूह बैठक / चर्चा	
5	पी.आर.ए, एफजीडी,	
6	जनसुनवाई कार्यक्रम	–

नोट : प्रस्तुत ड्राफ्ट रिपोर्ट पर ग्राम पंचायत स्तर पर सार्वजनिक जन सुनवाई आयोजित किया गया है जिसमें प्रतिक्रिया / राय / मांग / सुझावों और परिणाम आदि पर विचार के लिए भू–स्वामियों को अवसर दिया गया। जनसुनवाई में उपस्थित भू–स्वामियों / खातेदार / हिस्सेदारों द्वारा दिये गये प्रतिक्रिया / सुझाव / राय / मांगों को शामिल कर लिया गया है। यह जन सुनवाई सक्षम अधिकारी (भू–आवाप्ति) एवं उपखण्ड, अधिकारी द्वारा अधिसूचना जारी करने के 3 सप्ताह बाद रखी गई। फाईनल प्रतिवेदन में अभी तक के किये गये सर्वेक्षण कार्य के परिणाम एवं उसके बाद के परिणामों एवं जन सुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित भू–स्वामियों, ग्राम जन व जन प्रतिनिधियों द्वारा जो बात / माँग रखी गई को शामिल किया गया है।

अध्याय 4
भूमि की आवश्यकता एवं आकलन

4.1 भूमि की आवश्यकता और वर्तमान उपयोग

मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण हेतु लूणी तहसील का ग्राम सालावास की जमीन अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है। इसलिए प्रस्तावित परियोजना से प्रभावित होने वाले परिवारों पर इस परियोजना का सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सकारात्मक उन कृषक के लिए जिनकी जमीन अवाप्ति में जायेगी और बची हुई जमीन हेतु उचित रास्ता की उपलब्धता

एमएमएलपी परियोजना हेतु प्रस्तावित भूमि का अवलोकन करते हुए

हो सकेगी। जिन भू–स्वामियों की भूमि को रोड़ की उपलब्धता हो सकेगी उन्हे व्यवसाय हेतु बेहतर अवसर मिल सकेंगे। प्रस्तावित परियोजना से क्षेत्र की भूमि की कीमतों में वृद्धि के साथ साथ गांव का विस्तार होना तथा अन्य स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। परियोजना के आने से क्षेत्र में सुविधाओं में भी वृद्धि होगी। नकारात्मक प्रभाव उन कृषकों पर पड़ेगा जिसकी अधिकतम जमीन मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण हेतु अवाप्ति में चली जायेगी और उनको कहीं और खेती के लिए जगह तलाश करनी पड़ेगी। प्राथमिक हितधारक किसान/भू–स्वामी हैं जिनकी मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण कार्य हेतु भूमि अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है।

भूमि का विवरण तालिका 4.1 में दिया गया है एवं विस्तृत जानकारी प्रतिवेदन के साथ संलग्न है (प्रपत्र–1)।

तालिका 4.1 : परियोजना प्रभावित गांव की भूमि का विवरण

क्रम संख्या	ग्राम पंचायत	गांव का नाम	गांव की भूमि का कुल क्षेत्रफल (हे.)	अवाप्ति हेतु प्रस्तावित खसरा की कुल क्षेत्रफल (हे.)	अवाप्ति हेतु कुल प्रस्तावित भूमि (हे.)	अवाप्ति हेतु प्रस्तावित निजी भूमि (हेक्टयर)	अवाप्ति हेतु प्रस्तावित सरकारी भूमि (हेक्टयर)	कुल अवाप्ति हेतु प्रस्तावित भूमि का प्रतिशत	गांव में प्रभावित निजी खसरा खातेदार /हिस्से दार	गांव में प्रभावित सरकारी खसरा के खातेदार /हिस्से दार
1	सला वास	सलावास रेलवे स्टेशन	619.0	78.9071	19. 8474	19. 7697	0.0777	3.21	49	3
	कुल		**619.0**	**78.9071**	**19. 8474**	**19. 7697**	**0.0777**	**3.21**	**49**	**3**

(नोट–स्रोत तहसील लूणी के पटवार द्वारा सर्वेक्षण रिपोर्ट अनुसार)

भूमि अवाप्ति की विस्तृत जानकारी खातेदार/हिस्सेदार वार प्रपत्र सं–1 में संलग्न है।

ग्राम सालावास रेलवे स्टेशन की कुल भूमि 619.00 हेक्टेयर है। मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण के लिए निजी एवं सरकारी खसरों की 19.8474 हेक्टेयर कुल भूमि अवाप्ति हेतु प्रस्तावित है (3.21 प्रतिशत) जोकि न्यूनतम अवाप्ति है।

तालिका 4.2 : भूमि का आकलन

क्र.सं.	विवरण	वस्तु स्थिति/आज की स्थिति
1.	खसरा नक्शा और स्वामित्व के विवरण के साथ भूमि की सूची का विवरण	हाँ
2.	प्रभाव के क्षेत्र का सीमांकन	हाँ
3.	प्रस्तावित भूमि का स्थान/गांव	सालावास
4.	प्रस्तावित भूमि की मात्रा का अधिग्रहण (निजी)	19.7697 हेक्टेयर (पटवार सर्वे अनुसार हेक्टेयर)
5.	प्रस्तावित भूमि की मात्रा का अधिग्रहण (सरकारी)	0.0777 हेक्टेयर (पटवार सर्वे अनुसार हेक्टेयर)
6.	वर्तमान उपयोग	कृषि कार्य के उपयोग में है।
7.	किसी व्यक्ति ने पहले से ही परियोजना के उद्देश्य के लिए खरीदी, अलगाव, पट्टे या अधिग्रहित किया है।	नहीं
8.	यदि भूमि कृषि भूमि है, किसी भी सिंचाई कवरेज और फसल पैटर्न।	हाँ
9.	प्रकृति और भूमि का वर्तमान उपयोग	रेतीली एवं दोमट मिट्टी है जो कृषिकार्य के लिए उपजाऊ हैं।

प्रस्तावित मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण का प्रस्तावित नक्शा, सालावास तहसील– लूणी, जिला– जोधपुर



(स्रोत – कॉनकॉर रिपोर्ट अनुसार)

अध्याय–5
प्रभावित परिवारों और परिसम्पत्तियों का आकलन

5.1 प्रभावित परिवारों के विवरण

प्राथमिक हितधारक किसान/भू–स्वामी होंगे जिनकी भूमि का अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है। प्राथमिक सर्वेक्षण में पाया गया कि मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क सालावास के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण हेतु भू–अवाप्ति से भू–स्वामी प्रभावित हो रहे हैं।

क्र.सं.	विवरण	विवरण
क.	प्रभावित किसान/भू–स्वामी	ग्राम–सालावास
1	जमाबंदी में नाम के अनुसार भूमि मालिक	हॉं, सूची संलग्न है। (संलग्नक–ख)
2	क्या वहां किरायेदार हैं या अधिग्रहित होने वाली भूमि पर कब्जा कर रहे हैं।	नहीं
3	अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वनवासियों ने अपने वन अधिकारों में से किसी को खो दिया है।	नहीं
4	आम संपत्ति, संसाधन जो उनकी आजीविका के लिए भूमि के अधिग्रहण के कारण प्रभावित होंगे	हॉं (कृषि भूमि, वृक्ष, रास्ता, देव स्थान एवं प्लास्टिक पाईप लाइन, ट्यूबवैल)
5	अपनी किसी भी योजना के तहत भूमि सौंपी गई है और इस तरह की भूमि अधिग्रहण के अधीन है	नहीं
6	अधिग्रहण से 3 साल पहले आजीविका के प्राथमिक स्रोत के रुप में अधिग्रहित होने वाली जमीन पर निर्भर है।	हॉं

5.2 एस.आई.ए. के तहत परिवार सर्वेक्षण

तालिका 5.1 : परिवार के सदस्यों का वर्गीकरण

क्रम संख्या	गांव का नाम	महिला	पुरूष	कुल
1	सालावास	93 (49%)	97 (51%)	190 (100%)

तालिका 5.1 गॉंव के प्रभावित परिवारों के लिंग को प्रदर्शित करता है। प्रभावित गांव में से कुल उपस्थित लोगों में 51 प्रतिशत पुरूष एवं 49 प्रतिशत महिलाएँ हैं।

तालिका 5.2 : वैवाहिक स्थिति

क्रम संख्या	गांव का नाम	विवाहित	अविवाहित	विधवा/ विधुर	कुल
1	सालावास	138 (73%)	52 (27%)	0 (0%)	190 (100%)

तालिका 5.2 में सालावास गाँव के प्रभावित परिवारों की वैवाहिक स्थिति को प्रदर्शित करता है। प्रभावित गांव में से 73 प्रतिशत विवाहित हैं। उपस्थित लोगों में 27 प्रतिशत अविवाहित हैं।

तालिका 5.3 : शैक्षिक स्तर

क्रम संख्या	गांव का नाम	निरक्षर	प्राथमिक	उ. प्राथमिक	सैकेन्डरी	हायर सैकेन्डरी	स्नातक	स्नातकोत्तर	तकनीकी	कुल
1	सालावास	7 (3.7%)	11 (5.9%)	36 (18.9%)	49 (25.8%)	51 (26.8%)	28 (14.7%)	7 (3.7%)	1 (0.5%	190 (100%)

तालिका 5.3 में उत्तरदाता के शैक्षिक स्तर को दर्शाता है। प्रभावित गांव 3.7 निरक्षर हैं, वही 5.9 प्रतिशत प्राथमिक स्तर तक शिक्षित हैं। गांव में उपस्थित लोगों में 18.9 प्रतिशत उच्च प्राथमिक शिक्षा प्राप्त हैं, 25.8 प्रतिशत माध्यमिक स्तर तक शिक्षित हैं एवं 26.8 प्रतिशत उच्च माध्यमिक स्तर तक शिक्षित हैं तथा 14.7 प्रतिशत स्नातक है।

तालिका 5.4 : रोजगार की स्थिति

क्रम संख्या	गांव का नाम	हाँ	नहीं	कुल
1	सालावास	124 (65.3%)	66 (34.7%)	190 (100%)

तालिका 5.4 में प्रभावित गांव में उत्तरदाता के रोजगार की स्थिति को प्रदर्शित करता है। प्रभावित गांव में कुल उपस्थित लोगों में 65.3 प्रतिशत लोग रोजगार से जुड़े हुए हैं वहीं गांव में 34.7 प्रतिशत लोग रोजगार से नहीं जुड़े हैं।

तालिका 5.5 : मुख्य व्यवसाय

क्रम संख्या	गांव का नाम	कृषि	कृषि मजदूरी	दैनिक मजदूरी	वेतनभोगी	राजकीय सेवा	स्व रोजगार	कुल
1	सालावास	67 (54%)	7 (5.7%)	36 (29%)	7 (4.0%)	4 (3.3%)	5 (4.0%)	124 (100%)

तालिका 5.5 में प्रभावित गांव में उत्तरदाता के मुख्य व्यवसाय को दर्शाता है। गांव में उपस्थित लोगों में 54 प्रतिशत उत्तरदाता कृषि में लगे हैं। 29 प्रतिशत लोग दैनिक मजदूरी में लगे हैं वहीं 3.3 प्रतिशत लोग सरकारी नौकरी में लगे हैं। इस प्रकार प्रभावित परिवारों का मुख्य व्यवसाय कृषि है।

तालिका 5.6 : आयु के अनुसार वर्गीकरण

आयु वर्गीकरण (वर्षों में)							
क्रम संख्या	गांव का नाम	5 साल से कम	6 से 18	19 से 30	31 से 60	60 से अधिक	कुल
1	सालावास	24 (12.6%)	23 (12.2 %)	71 (37.3%)	53 (27.9%)	19 (10%)	190 (100%)

तालिका 5.6 में प्रभावित गांव में उत्तरदाता परिवार के सदस्यों के आयु वर्ग को प्रदर्शित करता है। प्रभावित गांव में उपस्थित लोगों में 5 वर्ष से कम आयु के 12.6 प्रतिशत एवं 6 से 18 वर्ष की आयु के 12.2 प्रतिशत व 19 से 30 वर्ष की आयु के 37.3 प्रतिशत, 31 से 60 वर्ष की आयु वाले 27.9 प्रतिशत, व 10 प्रतिशत 60 वर्ष से अधिक की आयु के हैं।

तालिका 5.7 : सामाजिक समूह के अनुसार परिवारों का वर्गीकरण

क्रम संख्या	गांव का नाम	सामान्य	अ.पि.वर्ग	अनुसूचित जाति	अनु. जनजाति	कुल
1	सालावास	5 (13%)	29 (76%)	4 (11 %)	0 (0%)	38 (100%)

तालिका 5.7 में प्रभावित गांव सालावास में उत्तरदाता के जाति वर्ग को दर्शाता है। प्रभावित गांव में से कुल उपस्थित लोगों में अनुसूचित जाति 11 प्रतिशत हैं। वहीं सालावास में 76 प्रतिशत परिवार अ.पि.वर्ग के हैं। इस प्रकार से प्रभावित गांवों में सबसे अधिक उत्तरदाता अन्य पिछड़ा वर्ग के हैं।

अध्याय–6
प्रभावित क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक स्थिति

मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण हेतु लूणी तहसील की ग्राम पंचायत व ग्राम सालावास की जमीन अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित है। इस गांव में सभी समुदाय के लोग रहते हैं। परियोजना हेतु प्रस्तावित भूमि अवाप्ति में प्रभावित होने वाले परिवारों में जाट, मेघवाल, साद, पटेल, नाई, माली, जैन, महाजन एवं प्रजापति समाज के लोग हैं। गांव में सक्षम, मध्यम वर्गीय एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले सभी स्तर के परिवार हैं। गांवों के अधिकांश लोग कृषि कार्य पर ही निर्भर हैं। गांव में छोटे एवं बड़े सभी प्रकार के भू–स्वामी हैं।

6.1 राजनीतिक संगठन

अधिग्रहण की जाने वाली भूमि के भीतर कोई राजनीतिक संगठन स्थापित नहीं हुआ और प्रस्तावित भूमि का अधिग्रहण किया जा सकता है।

6.2 समुदाय आधारित या सिविल सोसाइटी संगठन

अधिग्रहण की जाने वाली भूमि के अन्दर कोई भी समुदाय आधारित या सिविल सोसायटी संगठन नहीं है।

6.3 स्थानीय आर्थिक गतिविधियाँ (Local Economic Activities)

प्रभावित गांवो में परंपरागत रुप से लोगों के आजीविका का प्रमुख साधन कृषि है। गांव के लोग मुख्यतः कृषि कार्य पर आधारित हैं, लोग ट्रेक्टर से खेती करते हैं। फसल में बाजरा, ज्वार, मौठ, रायड़ा, गेहूँ, इत्यादि की फसल पैदा करते हैं। यहाँ की मिट्टी दोमट एवं उपजाऊ किश्म की है जिसमें पैदावार सामान्य होती है। गॉव कें लोग पशुपालन में गाय, भैंस, ऊॅट, बकरी, भेड़, बैल तथा घोड़ा भी रखते हैं इसलिए वे इसको अपनी पारिवारिक जरुरत मानते हैं।

लोगों के आजीविका का द्वितीयक माध्यम दैनिक मजदूरी/नौकरी है। गांव रेलवे स्टेशन सालावास में आयल डिपों होने के कारण 50 प्रतिशत से अधिक लोग दैनिक मजदूरी यही पर करते हैं। अधिकांश परिवारों की आर्थिक स्थिति सामान्य है, इसका मुख्य कारण 2/3 भूमि पर किसानों को साल में एक फसल होती है। अगर आर्थिक पक्ष को देखा जाये तो **प्रथम पक्ष** यह है कि लोगों के पास भूमि औसत मात्रा में है एवं इससे होने वाली आय पर पूरी तरह आश्रित हैं। **दूसरा पक्ष** यह है कि भूमि अधिग्रहण के बाद लोगों के पास भूमि कम रह जायेगी और उन्हें कहीं अन्यत्र जमीन खरीदनी पड़ेगी। इस प्रकार परिवार पर भूमि के अधिग्रहण को हम सामाजिक परिपेक्ष्य में देखते हैं तो यह स्पष्ट है कि किसी भी परिवार की आय में कमी होने का तात्पर्य है कि शनैः शनैः उस परिवार की सामाजिक स्थिति भी प्रभावित होने लगती है। सामाजिक समाघात प्रभाव अध्ययन में प्रभावित लोगों से यह जानने का प्रयास किया गया है कि एक परिवार पर भूमि के अधिग्रहण के प्रभाव किस प्रकार के हो सकते हैं।

प्रस्तावित अधिग्रहित की जाने वाली भूमि कृषि भूमि है, प्रस्तावित क्षेत्र में रहने वाले समुदाय के सदस्य कुछ हद अधिग्रहित की जाने वाली भूमि पर आश्रित हैं जिससे लोग भिन्न भिन्न प्रकार से प्रभावित होंगे। प्रस्तावित अधिग्रहित की जाने वाली भूमि के परिधि में कृषि भूमि, पाईप लाईन, मय पोल तार बन्दी, पानी का टांका, मकान एवं वृक्ष, खेजड़ी, आदि हैं।

6.4 सामाजिक स्थिति

ग्राम सालावास ब्लॉक लूणी का एक गांव हैं जो कि जोधपुर जिला में आता हैं। पी.आर.ए. के दौरान प्रभावित 49 खसरों के खातेदार/हिस्सेदार प्रभावित परिवारों से चर्चा की गई हैं। गांव में सभी समुदाय के लोग रहते हैं लेकिन प्रभावित परिवारों अधिकांश मेघवाल, जैन, नाई, प्रजापत, जाट, माली, अग्रवाल समाज के लोग हैं। अधिकतम मकान पक्के ही बने हुए हैं एवं कुछ घर अर्द्ध पक्का बने हुए है।

6.5 सांस्कृतिक गतिविधियॉ

ग्राम सालावास गांव तहसील लूणी व जिला जोधपुर का गांव है। तहसील मुख्यालय से गांव की दूरी लगभग 22 कि.मी है। गांव में बिजली, पेयजल हेतु नल की व्यवस्था है जिससे पानी की आपूर्ति अच्छी प्रकार से हो रही है। ग्रामवासियों के अनुसार गांव मे हनुमान जी, शंकर भगवान, ठाकुर जी, रामदेवजी, वीर तेजाजी महाराज, का मंदिर है। सभी लोग गांव में धार्मिक आस्था वाले हैं। गांव की बसावट कुछ नई एवं पुरानी है। समय के अनुसार कुछ घरों की बनावट बदल भी रही हैं लोग नये तरीके से नक्शा बनाकर भी निर्माण कार्य कराने लगे हैं। गांवों में भी विकास की गतिविधियां शनैः–शनैः जारी है।

परचून सामान के लिए गांव में दुकाने भी हैं। जहां पर रोजमर्रा का सामान मिल जाता है लेकिन अधिक सामान की ज्यादा मात्रा में आवश्यकता होने पर जोधपुर से ही सामान लाना पड़ता है। आने–जाने के लिए स्वयं के साधन, प्राईवेट, सरकारी बस से आवा जाही करते हैं।

गांव के निवासियों के अनुसार गांव मे सुविधाओं के रुप में आंगनवाड़ी केन्द्र, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय है। गांव के सभी बालक–बालिकाऍ शिक्षा के लिए जाते हैं।

- गांव के सभी घरों/परिवारों में मोटर साईकिल एवं चार पहिया वाहन भी उपलब्ध है।
- समाचार एवं मनोरंजन हेतु गांव मे परिवारों के पास टेलीविजन है।
- शादी/ विवाह –लोगों के अनुसार 30 वर्ष पहले कम उम्र में शादी करते थे। आज सही उम्र 18 एवं 21 में शादी में करना पसन्द करते हैं।
- गांव में बीमार होने पर डॉक्टर से ईलाज करवाते है। ईलाज नहीं होने पर बीमार व्यक्ति को जोधपुर लेकर जाते हैं।

<u>त्यौहार</u>– होली, दीपावली नवरात्रा, रक्षाबन्धन, संक्रान्ति सभी त्यौहार मनाते है। त्यौहारों पर लोग पकवान बनाते हैं जैसे कि दाल बाटी, चूरमा, पुड़ी, हलवा, खीर व्यक्ति एवं परिवार की सम्पन्नता के आधार पर लोग घरों में अलग अलग भोजन बनाते हैं।

स्वास्थ्य व पोषण देखभालः—

गॉव में जिला अस्पताल होने के कारण आसपास के गॉवों के लोग भी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सालावास में ही आते हैं। विशेष परिस्थितियों में कराने एवं इलाज कराने हेतु जोधपुर जाना पड़ता है । आज गांव में चिकित्सा सुविधा अच्छी है छोटी मोटी बीमारी में इलाज यही से ले लेते हैं। गांव सालावास में 2 तथा रेलवे स्टेशन सालावास में 1 आंगनवाड़ी केन्द्र है। इस प्रकार गांव में आंगनवाड़ी केन्द्र से लोगों तक सेवाएँ पहुँचाने में काफी आसानी है। पहले की तुलना में लोगों की जानकारी अवश्य बढ़ी है। सालावास गॉव में लोग जापा कराने हेतु अस्पताल ही जाने लगे हैं। कुछ लोग तो प्राईवेट में भी ईलाज, जापा कराने के लिए जाते हैं।

6.6 पर्यावरण की गुणवत्ता

भूमि अवाप्ति के पश्चात् मल्टी—मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण क्षेत्र में विकास की गतिविधियां आरम्भ होगी एवं इस दौरान जो भी बड़े एवं छोटे पेड़ है उनकी कटाई करनी पड़ेगी । पेड़ों की कटाई से पर्यावरण को क्षति होगी अतः उक्त मुद्दों को दृष्टिगत रखते हुए दूसरे पौधे लगाये जाने हेतु योजना का निर्माण भी किया जाना चाहिये। पर्यावरण की क्षति ऐसी क्षति है जिसका निवारण आवश्यक है एवं जितने पेड़ काटे जाते है उससे दो गुणा तक नये पेड़ लगा कर उनकी जिवितता सुनिश्चित किया जाना चाहिये क्योंकि पर्यावरण हेतु कोई मांग करने वाला नहीं है। अर्थात् सरकार को इसके लिए प्रभावी पहल कर नवीन पौधों के लगाये जाने हेतु पहल करते हुए प्रभावी रणनीति अवश्य बनानी चाहिये।

किसानों/भू—स्वामियों ने सशर्त अपनी बात रखते हुए बताया कि— अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित भूमि में निजी एवं सरकारी दोनों ही प्रकार की कुल 19.8474 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है। अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित निजी भूमि का नियमानुसार एवं भू—स्वामियों को भूमि अवाप्ति से हो रही क्षति को ध्यान में रखते हुए खातेदारों को भुगतान कर दिया जाना चाहिए। यहाँ पर रास्तों के रुप में सरकारी भूमि का भी अधिग्रहण हो रहा है। रास्तों की भूमि अधिग्रहण दिखने में सरकारी भूमि है लेकिन एक काश्तकार/भू—स्वामी के लिए इसकी कहीं ज्यादा जरुरत है। जैसाकि ग्राम बैठक में लोगों द्वारा सुझाव/राय के रुप में इसको प्राथमिकता में रखा है। क्योंकि वर्तमान में सभी खेत किसी ना किसी रास्ता/सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है।

6.7: परियोजना क्षेत्र के गांवों की जनसंख्या प्रारुप तहसील— लूणी (जनगणना 2011 के अनुसार)

गांव का नाम	जनगणना कोड	गांव की जनसंख्या प्रारुप (जनगणना 2011 के अनुसार)			अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति
		कुल श्रमिक	कुल परिवार	कुल जनसंख्या		
सालावास	85544	1986	1067	6592	1193	25
सालावास रेलवे स्टेशन	85542	181	131	670	74	7
	नोटः—सूचना स्रोत जनगणना 2011 के अनुसार					

अध्याय–7
सामाजिक समाघात व आकलन

7.1 परिचय

क्षेत्र में प्रस्तावित मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण में ग्राम एवं ग्राम पंचायत सालावास की भू–अवाप्ति हेतु प्रस्तावित है परियोजना के प्रभावों को हम सालावास गांव में किस प्रकार देखते हैं या गांव में भूमि अधिग्रहण के प्रभाव किस प्रकार के होंगे का आकलन करना आवश्यक है। इस अध्याय के अन्तर्गत परियोजना के सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों ही प्रकार के प्रभावों को जानने का प्रयास किया है।

परियोजना के प्रभाव :

जब भी कोई परियोजना किसी क्षेत्र में आरम्भ होती है तो उसके प्रभाव विभिन्न प्रकार से देखे जाते हैं। प्रभावों के बारे में अगर हम समझें तो पता चलता है कि क्षेत्र में प्रभावों को सकारात्मक या नकारात्मक तौर पर देखा जा सकता है। क्षेत्र, व्यक्ति, समुदाय में किसी प्रकार का बदलाव ही सामाजिक प्रभाव को परिभाषित करता है। जैसे किसी भी सार्वजनिक या निजी कार्यों से जहाँ लोग रहते हैं, काम करते हैं, खेलते हैं, एक दूसरे से संबंधित होते हैं, उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए व्यवस्थित करते हैं, सहयोग करते हैं और आम तौर पर समाज के सदस्यों के साथ अच्छे या बुरे कार्यों से सामना करते हैं। इसमें सांस्कृतिक प्रभाव भी शामिल हैं। जिनमें मानदंड़ों, मूल्यों और विश्वासों में परिवर्तन शामिल हैं, जो कि खुद को और उनके समाज की समझ और तर्क संगत तरीके से मार्गदर्शन करते हैं। ''सामाजिक प्रभाव सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही प्रकार के होते हैं जिससे परिवर्तन प्रभावित होते हैं जैसे रोजगार, आय, उत्पादन, जीवनशैली, संस्कृति, समुदाय, राजनीतिक व्यवस्था, पर्यावरण, स्वास्थ्य और कल्याण, व्यक्तिगत और संपत्ति के अधिकार, भय एवं आकांक्षाएँ आदि सामाजिक प्रभाव लोगों के सामाजिक विकास में एक महत्त्वपूर्ण सुधार या नुकसान दे सकते हैं।

एस.आई.ए. आकलन अध्ययन निर्णय निर्माताओं को अपने कार्यों की संभावित नकारात्मक प्रभावों की अग्रिम जानकारी या पहचान करने में सहायता करता है। किसी भी बात/मुद्दे को समझने निर्णय लेने सहायता के रूप में, एस.आई.ए. सामाजिक और सांस्कृतिक कारकों पर जानकारी प्रदान करता है ताकि उनके प्रभावों को रोकने या कम करने के लिए समय पर आवश्यक कदम उठाये जा सकें या कम से कम समय में निर्णय लिया जा सके। एस.आई.ए. आकलन अध्ययन से प्राप्त एवं संकलित सूचनाओं के आधार पर ही प्रभावों के निवारण कर प्रभावित लोगों को पूर्व की स्थिति में बहाल करना होता है।

सामाजिक समाघात आकलन के संचालन की प्रक्रिया को इस तरीके से डिज़ाइन किया गया है जिसमें प्रस्तावित अधिग्रहण के समाघात का आकलन करने के लिए व्यवस्थित तरीके से सभी हितधारकों को शामिल किया गया है।

प्रभावों की पहचान करने के लिए ढ़ांचा और दृष्टिकोण निम्नलिखित चरणों में दिखाया गया है।

चरण 1 : एस.आई.ए. टीम का निर्माण

चरण 2 : साहित्य समीक्षा

चरण 3 : विभिन्न हितधारकों के साथ बैठक

चरण 4 : डाटा संग्रह (उपकरण : परिवार सम्पर्क, प्रश्नावली, एफजीडी, अनुसूची)

चरण 5 : डाटा प्रोसेसिंग

चरण 6 : रिपोर्टिंग

भूमि अधिग्रहण से हितधारक (भू–स्वामी) प्रभावित होगा। चूंकि प्रस्तावित भूमि पर वर्तमान में खेती होती है इसलिए भू–स्वामियों को कृषि भूमि के अतिरिक्त खेजड़ी, व अन्य वृक्षों का भी नुकसान हो रहा है।

7.2 परियोजना चक्र के विभिन्न चरणों में प्रभाव

मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास एवं रेलवे लाइन से लिंक लाइन निर्माण के तहत भूमि के अधिग्रहण के विभिन्न चरणों में सामाजिक प्रभाव निम्नानुसार होंगेः

(i) परियोजना पूर्व चरण के दौरान प्रभाव

(ii) परियोजना चरण के दौरान प्रभाव

परियोजना के अनुसार ग्रामीण परिवारों की खेती की जमीन का अधिग्रहण होना बताया गया है कि इस परियोजना के लक्ष्य अनुसार गांव सालावास के भू–स्वामियों की जमीन अधिग्रहण हेतु चिन्हित की गई है।

सामाजिक समाघात शमन योजना (एस.आई.एम.पी.) का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विभिन्न प्रतिकूल प्रभावों को कम किया गया है और सकारात्मक प्रभाव बढ़े हैं। सामाजिक समाघात शमन हेतु उपाय परियोजना के विभिन्न चरणों के दौरान कार्यान्वित किए जाएंगे।

(i) परियोजना पूर्व चरण के दौरान प्रभाव

इस चरण में भूमि अधिग्रहण करने सम्बन्धी गतिविधियां आयोजित की जायेगी। यहां पर भू–स्वामी किसी भी प्रकार की खेती सम्बन्धी कोई गतिविधि करने की स्थिति में नहीं होता है। अर्थात् हितधारक को इस समय में आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ता है। जिससे भू–स्वामी/खातेदार हिस्सेदार/परिवार पर कुछ समय के लिए नकारात्मक प्रभाव होते हैं। लोगों के सामने आजीविका की चुनौती रहेगी। भूमि अधिग्रहण से लोगों की आय प्रभावित होगी एवं कृषि मजदूरी भी नहीं मिल पायेगी। रोजगार के अभाव में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों की आय में कमी आयेगी। जमीन की अवाप्ति को लेकर मन में संशय बना रहेगा एवं कृषि कार्य भी बाधित होगा।

परियोजना चरण के दौरान प्रभाव

